संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, बुधवार 17 दिसंबर 2025 | ₹2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ने विजय दिवस पर 'परमवीर दीर्घा' का किया उद्घाटन।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 14 अंक: 346 पृष्ठ: 08

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## नक्सलवाद पर सरकार का बड़ा दावा, हिंसा में 89 फीसदी की कमी, 11 जिलों में सिमटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद को बताया है कि देश में वामपंथी उग्रवाद (नक्सलवाद) के खिलाफ चलाए जा रहे समन्वित अभियानों और विकास कार्यों के चलते नक्सली हिंसा और प्रभाव वाले क्षेत्रों में ऐतिहासिक गिरावट आई है। गृह मंत्रालय ने कहा कि वर्ष 2010 की तुलना में साल 2025 में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 89 प्रतिशत और नागरिकों व सुरक्षा बल कर्मियों की मौत की संख्या में 91 प्रतिशत की कमी आई है। लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को बताया कि नक्सल हिंसा की घटनाएं साल 2010 में 1936 के उच्च स्तर से 89 प्रतिशत कम होकर साल 2025 में 222 हो गई हैं। इसके परिणामस्वरूप नागरिकों और सुरक्षा बल कर्मियों की मौत की संख्या भी साल 2010 में 1005 के उच्च स्तर से 91 प्रतिशत कम होकर साल 2025 में 95 हो गई हैं। उन्होंने बताया कि देश में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या भी लगातार घटी है और अक्टूबर 2025 तक यह 11 जिलों तक सिमट गई है, जिनमें केवल तीन जिलों को ह्यअत्यधिक नक्सल प्रभावितह्न श्रेणी में रखा गया है।



राय ने कहा कि आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में विकास पर सरकार के फोकस ने नक्सलवाद की जड़ को खत्म किया है। बेहतर कानून-व्यवस्था और सुरक्षा स्थिति, साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश ने आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए अनुकूल माहौल बनाया है, जिसमें सार्वजनिक व निजी निवेश में वृद्धि भी शामिल है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में स्वीकृत वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति एवं कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन से यह सफलता मिली है। इस नीति के तहत सुरक्षा उपायों के साथ-साथ विकास, अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं पर समान रूप से जोर दिया गया। गृह मंत्रालय के अनुसार, नक्सल प्रभावित राज्यों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, जिनमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) भी शामिल है, उसकी तैनाती से सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया गया है। केंद्रीय बलों और राज्य पुलिस के बीच बेहतर समन्वय से मजबूत सुरक्षा व्यवस्था बनी और उग्रवादियों के पुनर्गठन को रोका गया।

**नक्सली हिंसा**

- घटनाओं में 89 प्रतिशत और नागरिकों व सुरक्षा बल कर्मियों की मौत की संख्या में 91 प्रतिशत की कमी आई

## हंगामे के बीच मनरेगा से जुड़ा 'जी राम जी' विधेयक पेश

- सदस्यों ने विधेयक को सदन की स्थायी समिति को भेजे जाने का अनुरोध किया, वित्तीय वर्ष में हर ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी, प्रियंका गांधी ने किया विधेयक का विरोध

**हंगामा**

- विधेयक विकसित भारत के राष्ट्रीय विजन के साथ जुड़ा एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष के विरोध के बीच ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार से जुड़े गारंटी योजना मनरेगा में बदलाव से जुड़ा 'जी राम जी' विधेयक पेश किया गया। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर आपत्ति जताते हुए विपक्ष ने विधेयक का विरोध किया। ज्यादातर सदस्यों ने विधेयक को सदन की स्थायी समिति को भेजे जाने का अनुरोध किया। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए गारंटीः (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025 पेश किया। यह विधेयक विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय विजन के साथ जुड़ा एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा।

इसमें हर वित्तीय वर्ष में हर ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। इसमें परिवार के वयस्क सदस्य को उनकी इच्छा पर बिना किसी कौशल वाला काम दिया जाएगा।



### मनरेगा की जगह नई योजना के विरोध में इंडी गठबंधन के सांसदों ने किया संसद भवन परिसर में प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के स्थान पर नई योजना लाने के प्रस्ताव के विरोध में इंडी गठबंधन के सांसदों ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल और मकर द्वार पर प्रदर्शन किया। सांसदों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास उनकी तस्वीरें हाथ में लेकर विरोध जताया। प्रदर्शन में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, सांसद मणिकम टैगोर, दीपेंद्र हुड्डा, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और सपा सांसद धर्मेंद्र यादव सहित कई विपक्षी सांसद शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में महात्मा गांधी की तस्वीरें और पोस्टर ले रखे थे, जिन पर महात्मा गांधी लिखा हुआ था। इस दौरान महात्मा गांधी अमर रहें के नारे भी लगाए गए। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार मनरेगा के स्थान पर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने की तैयारी कर रही है।

मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी देशवासियों के दिलों में बसते हैं और उन्होंने एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के कल्याण की सोच दी थी। विधेयक में सरकार ने 100 दिनों के बजाय 125 दिनों की रोजगार गारंटी देने का प्रावधान किया है, जिसके लिए 1,51,282 करोड़ रुपये की राशि रखी गई है। उन्होंने विपक्ष से पूछा कि क्या जवाहर रोजगार योजना का नाम बदलने से पंडित जवाहर लाल नेहरू के साथ अन्याय हुआ था। इसमें ग्राम विकास को प्राथमिकता दी गई है और 95 हजार करोड़ रुपये केन्द्र से खर्च किए जाएंगे। कम विकसित पंचायतों को अधिक काम मिलेगा। कृषि कार्यों के लिए विशेष फंड दिया गया है। बापू रामराज्य की बात करते थे और सरकार कृषि और मजदूरी से जुड़े कार्यों को एक समान करने का काम करेगी। इसी बीच संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विधेयक लाया गया है और केवल विधायी क्षमता पर ही बहस सीमित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देशहित में कानून होगा उसे पारित करके रहेंगे। उन्होंने कहा कि विधायी कार्यों में हिन्दी और अंग्रेजी दोनों का उपयोग किया जा सकता है। कांग्रेस नेता प्रियंका ने विधेयक लाए जाने का विरोध किया और विधेयक को वापस लेकर व्यापक चर्चा हेतु स्थायी समिति को भेजे जाने का अनुरोध किया। यही मांग एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले और कुछ अन्य सदस्यों ने भी की। प्रियंका ने कहा कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) पिछले 20 वर्षों से ग्रामीण गरीबों को रोजगार और कानूनी सुरक्षा देता आया है। यह मांग-आधारित योजना ग्राम सभाओं को अधिकार देकर पंचायती राज और संविधान की मूल भावना को मजबूत करती है। प्रस्तावित विधेयक में केंद्र द्वारा धन आवंटन पहले से तय करने, अनुदान घटाने और नियंत्रण बढ़ाने से राज्यों व ग्राम सभाओं की भूमिका कमजोर होगी।

## तीन साल में सीएपीएफ में 438 आत्महत्याएं, 7 सहकर्मियों की हत्या

**नई दिल्ली।** पिछले तीन वर्षों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), असम राइफल्स (एआर) और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) में 438 आत्महत्याओं और सात सहकर्मियों की हत्या की घटनाएं दर्ज की गई हैं। यह जानकारी मंगलवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर के माध्यम से दी। केन्द्र सरकार के अनुसार आत्महत्या के मामलों में 2023 में 157, 2024 में 148 और 2025 में 133 घटनाएं दर्ज की गईं, सहकर्मियों की हत्या के दो मामले 2023 में, एक मामला 2024 में और चार मामले 2025 में सामने आए।



**खेती, स्वास्थ्य और डिजिटल समावेशन में भारत के अनुभव का लाभ उठा सकता है जॉर्डन : प्रधानमंत्री**

**कांग्रेस सरकार के जमाने में बैलेट बॉक्स खुलेआम लूटे जाते और गायब हो जाते थेओः नड्डा**

## कांग्रेस चुनाव में हार जाये तो अंपायर खराबः नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राज्य सभा में चुनाव सुधारों पर जवाब देते हुए सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि ह्यकांग्रेस जब जीत जाये तो सिकंदर और हार जाये तो अंपायर खराब-ये तरीका ठीक नहीं है। कांग्रेस सरकार के जमाने में बैलेट बॉक्स खुलेआम लूटे जाते और गायब हो जाते थे। चुनाव आयोग की रिपोर्ट है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें सीधे तौर पर किसी भी तरह के चुनाव सुधार का सुझाव नहीं दिया गया। उन्होंने पूछा कि कांग्रेस फिर से पुराने लालटेन युग में क्यों जाना चाहती है? चुनाव सुधारों पर चर्चा का समापन करते हुए मंगलवार को जेपी नड्डा ने कहा कि दशकों तक चुनाव आयोग के काम को देखने की जिम्मेदारी एक पार्टी की थी और वो पार्टी एक परिवार की पार्टी है। उस दौर में किसी ने इलेक्शन कमीशन की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े नहीं किये। जब हम सुधार की बात करते हैं तो एसआईआर को लेकर देशभर में ऐसा वातावरण बनाने का प्रयास हुआ कि जैसे कोई धांधली हो रही है। कांग्रेस पार्टी इसको लेकर रैली कर रही है। लोकतांत्रिक प्रणाली की सशक्ति पर कांग्रेस के पुराने नेताओं और आज के नेताओं की बात करें तो स्पष्ट होता है कि गंगा-जमुना में कितना ज्यादा पानी बह चुका है। उन्होंने कहा कि देश में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) कोई नया नहीं है। जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री रहते वर्ष-1952, 1957, 1961 में देश में एसआईआर हुआ। अटल बिहारी वाजपेयी को छोड़कर सारे एसआईआर कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार में हुए हैं। बिहार चुनाव के नतीजे कांग्रेस के लिए तकलीफ दायक है, लेकिन वे जनता और अपने ही कार्यकर्ताओं को एसआईआर पर दोष मढ़कर गलत अफवाह फैला रहे हैं।




## सोनिया व राहुल को नेशनल हेराल्ड मामले में मिली राहत

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की अदालत द्वारा प्रवर्तन निदेशालय की शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार किए जाने के बाद कांग्रेस ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध की राजनीति को करारा झटका बताया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह फैसला साबित करता है कि पूरा मामला बिना अधिकार क्षेत्र, बिना एफआईआर और बिना किसी कानूनी आधार के सिर्फ कांग्रेस नेतृत्व को बदनाम करने के लिए चलाया गया था। केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि ईडी ने बार-बार नेशनल हेराल्ड के तथाकथित मामले में कांग्रेस नेतृत्व को फंसाने की कोशिश की लेकिन अदालत के आज के फैसले ने साफ कर दिया कि यह मामला पूरी तरह राजनीतिक द्वेष से प्रेरित था।

## समिति ने 20 राज्यों के लिए 507.37 करोड़ रुपये मंजूर किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली उच्च-स्तरीय समिति (एचएलसी) ने मंगलवार को पंचायती राज संस्थानों में समुदाय-आधारित आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डिजास्टर रिस्क रिडक्शन) पहल को मजबूत करने की राष्ट्रीय परियोजना के लिए 20 राज्यों को कुल 507.37 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की है। गृह मंत्रालय के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य पंचायत स्तर पर आपदा प्रबंधन को सशक्त बनाते हुए समुदाय की भागीदारी से आपदा-प्रतिरोधी भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करना है। सरकार ने वर्ष 2021 में राष्ट्रीय आपदा शमन निधि की शुरूआत की थी, जिसके तहत समाज को आपदाओं का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए सक्षम बनाया जा रहा है। अब इस पहल का विस्तार पंचायत स्तर तक किया गया है।

## आधुनिक पढ़ाई को नैतिकता के साथ जोड़ना जरूरीः मुर्मु

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए आधुनिक पढ़ाई को नैतिकता के साथ जोड़ना जरूरी है। उन्होंने यह बातें कर्नाटक के मांड्या जिले के मालवल्ली में आदि जगद्गुरु श्री शिवरात्रीश्वर शिवयोगी महास्वामीजी के 1066वें जयंती समारोह का उद्घाटन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा, "विकसित भारत के लिए शिक्षा, नैतिकता, नवाचार, जिम्मेदारी, विकास, समावेश और करुणा का एकीकृत मार्ग अपनाना होगा।" राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई क्षेत्रों में समाकलन आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि देश की प्रगति के लिए आधुनिक शिक्षा को नैतिक ज्ञान के साथ जोड़ना जरूरी है। राष्ट्रपति ने सुत्तूर मठ जैसे संस्थानों की सराहना करते हुए कहा कि वे इस राष्ट्रीय प्रयास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ऐसे मठ और संस्थाएं आध्यात्मिक मार्गदर्शन के साथ-साथ शिक्षा तथा सामाजिक सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं।



**नवाचार**

- शिक्षा, नैतिकता, नवाचार, जिम्मेदारी और करुणा का एकीकृत मार्ग अपनाना होगा: राष्ट्रपति

## सैनी ने हांसी विकास रैली में की परियोजनाओं की घोषणाएं




**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को हांसी क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति देते हुए जनता को बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाओं, मूलभूत सुविधाओं, सड़कों तथा सिंचाई सुविधाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण सौगातें दी। हांसी में आयोजित विकास रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने हांसी में 50 बैड के वर्तमान अस्पताल को अपग्रेड कर 100 बैड का किये जाने की घोषणा की। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने हांसी के विकास के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि हांसी शहर के बस स्टैंड पर बरसाती पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था के लिए ड्रेनेज बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हांसी के सेक्टर 5 में एसटीपी और डब्ल्यूटीपी बनेगा। सुल्तानपुर एरिया में कृषि भूमि की सिंचाई के लिए ओपी जिंदल माइनर से नया रजवाहा बनाया जाएगा। कुम्भा-थुराना के वॉटर वर्क्स को भाखड़ा ब्रांच के साथ जोड़ा जाएगा।

### अमटी झील के सौंदर्यीकरण किये जाने का ऐलान किया

सीएम ने कहा कि हांसी में पुलिस कर्मियों, अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधा युक्त पुलिस लाइन चरणबद्ध तरीके से बनाई जाएगी। इसकी चारदीवारी की आधारशिला रख दी गई है। भूमि उपलब्ध होने पर खेल स्टेडियम, अमटी झील के सौंदर्यीकरण किये जाने का भी ऐलान किया। हांसी में पीडब्ल्यूडी के दायरे में आने वाली सड़को की जरूरत के अनुसार रिपेयरिंग का कार्य करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 10 .5 किलोमीटर की 4 सड़कों का कार्य 6 करोड़ से रुपये से अधिक राशि से होगा।

**वॉकथॉन** — *चिट्टा रूपी दीमक को समाप्त करने की दिशा में सख्त और निर्णायक कार्रवाई कर रही सरकार : मुख्यमंत्री*

## सीएम ने हमीरपुर में आयोजित एंटी-चिट्टा अवेयरनेस वॉकथॉन का नेतृत्व किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में मादक पदार्थ चिट्टे के खिलाफ व्यापक जन आंदोलन के तहत आज हमीरपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) के खेल मैदान से पुलिस लाइन दोसड़का ग्राउंड तक आयोजित एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन का नेतृत्व किया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने भाग लिया। इनमें भारी संख्या में विद्यार्थी, जन प्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने वॉकथॉन आरम्भ होने से पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) के खेल मैदान में उपस्थित लोगों को चिट्टे और मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ जागरूकता शपथ भी दिलाई। पुलिस लाइन ग्राउंड दोसड़का में उपस्थित जनसैलाब को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल चिट्टे के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ रहा है। प्रदेश में युवाओं के भविष्य को खोखला कर रहे चिट्टा जैसे घातक नशे के विरुद्ध राज्य सरकार आर-पार की लड़ाई लड़ रही है। चिट्टा रूपी दीमक को समाप्त करने की दिशा में सख्त और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है। नशे के इस अवैध नेटवर्क से जुड़े तस्करों, सप्लायरों और उनका संरक्षण देने वालों पर एक-एक कर शिकंजा कसा जा रहा है। चिट्टा के कारोबार से जुड़े संगठित गिरोहों की कमर तोड? के लिए तकनीक, खुफिया तंत्र और कड़े कानूनों का प्रभावी इस्तेमाल किया जा रहा है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प के अनुसार चिट्टा सौदागरों की पहचान, नाम और नेटवर्क सब मिटा देगी। यह जन आंदोलन, प्रदेश के लोगों की पुकार और हिमाचल की अस्मिता का युद्ध है। उन्होंने कहा कि इस महा आंदोलन को आरम्भ हुए 30 दिन हो चुके हैं।



**युद्ध**

- यह जन आंदोलन, प्रदेश के लोगों की पुकार और हिमाचल की अस्मिता का युद्ध है: सीएम

## देशभर में 2,626 रेलवे स्टेशन सौर ऊर्जा से संचालित

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने स्वच्छ और सतत ऊर्जा के उपयोग की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। देशभर में अब 2,626 रेलवे स्टेशन सौर ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं, जिससे न केवल ऊर्जा लागत में कमी आई है बल्कि पर्यावरण के अनुकूल रेलवे संचालन को भी बढ़ावा मिला है। रेल मंत्रालय के अनुसार चालू वित्त वर्ष में इस पहल को और गति मिली है। नवंबर 2025 तक 318 नए स्टेशनों को सोलर नेटवर्क से जोड़ा गया, जिसके बाद सौर ऊर्जा से संचालित रेलवे स्टेशनों की कुल संख्या 2,626 हो गई है।





ऊना, 17 दिसंबर 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# टूरिज्म बूमः टाटा समूह के ताज, विवांता ब्रांड के होटल्स के बड़े विस्तार की तैयारी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट में टाटा संस के चेयरमैन ने यूपी में होटल श्रृंखला विस्तार का प्रस्ताव रखा, टाटा समूह के 30 होटल का निर्माण कार्य जारी, 30 नए पर भी हो रहा विचार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में वैश्विक एवं घरेलू पर्यटन के तीव्र विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए राज्य के पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में बड़े निवेश की मजबूत तस्वीर उभर रही है। इसी क्रम में टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुई बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश में समूह की संचालित एवं प्रस्तावित होटल श्रृंखला के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह विस्तार प्रदेश में लगातार बढ़ते पर्यटक आगमन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि तथा कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के व्यापक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित किया गया है। बैठक के दौरान टाटा संस के चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को बताया कि ताज, सिलेक्शन्स और विवांता जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स के 30 होटलों का निर्माण कार्य प्रदेश में वर्तमान में प्रगति पर है। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को इन परियोजनाओं की प्रगति से भी अवगत कराया। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में 1900 लक्जरी होटल रूम्स बढ़ जाएंगे। इसके अतिरिक्त, 2026 तक 30 नए होटल निर्माण की योजना पर





भी कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री से हुई बैठक में एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि नोएडा में टाटा समूह का एक स्टेट ऑफ आर्ट सिग्नेचर होटल भी प्रस्तावित है। जिससे उत्तर प्रदेश भारत के सबसे तेज गति से विकास करने वाले हॉस्पिटैलिटी मार्केट के रूप में उभर कर आएगा। इसके अतिरिक्त, टाटा समूह के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित म्यूज़ियम ऑफ टेम्पल परियोजना के निर्माण कार्य के पहले चरण को जनवरी 2027 तक पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। इस संग्रहालय में अत्याधुनिक तकनीक आधारित डिस्प्ले विकसित किए जा रहे हैं, जो देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए एक विशिष्ट आकर्षण केंद्र होंगे। यह भी तय हुआ कि मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में मानसी गंगा कुंड, श्याम कुंड, राधा कुंड, अष्टकाशी कुंड, नारी सेमरी कुंड, गरुड़ गोविंद कुंड, कृष्ण कुंड सहित आठ प्रमुख कुंडों के जीर्णोद्धार तथा प्रदेश के प्रमुख गंगा घाटों की स्वच्छता एवं संरक्षण के कार्यों में भी टाटा समूह द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा। टाटा समूह की यह सहभागिता उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम सिद्ध होगी।

### योगी ने एक ट्रीलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को लेकर किया मंथन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां 20 विभागों की समीक्षा की। उत्तर प्रदेश की 1 ट्रीलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने पर मंथन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास को गति देने के लिए हर आयाम पर फोकस कर कार्य करना है। दो चरणों में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं को तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना आदि मौजूद रहे।

**टाटा समूह उत्तर प्रदेश में ईवी उत्पादन को देगा विस्तार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के बीच हुई बैठक में उत्तर प्रदेश में टाटा समूह की संचालित परियोजनाओं तथा भविष्य के निवेश प्रस्तावों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक के दौरान एन. चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि टाटा मोटर्स द्वारा प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मैन्युफैक्चरिंग को विस्तार दिया जा रहा है और ईवी के नए मॉडलों के विकास पर भी कार्य प्रगति पर है।

### बेटियां और महिलाओं का संबल बना वन स्टॉप सेंटर

**लखनऊ :** अपनों की उपेक्षाओं का शिकार महिलाओं को जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वन स्टॉप सेंटर का साथ मिला तो उन्होंने अपने सपनों को नई ऊचाइयां दीं। कहते हैं जहां चाह है वहां राह है। और यह राह समाज से उपेक्षित महिलाओं को योगी सरकार का वन स्टॉप सेंटर दिखा रहा है। जहां लाखों की संख्या में महिलाएं न केवल अपने सपनों को पंख दे रही हैं बल्कि प्रदेश का नाम भी रौशन कर रही हैं। इसके साथ ही यह महिलाओं आधी आबादी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन रही हैं।

### डॉ. वेदांती का जीवन रामकाज को समर्पित रहाः योगी

अयोध्या, 16 दिसंबर (हि.स.)।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अयोध्या स्थित हिंदू धाम आश्रम पहुंचकर वशिष्ठ भवन के ब्रह्मलीन महंत डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके योगदान का स्मरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति अभियान के वरिष्ठ सदस्य तथा वशिष्ठ भवन, अयोध्या के महंत डॉ. रामविलास वेदांती भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका संपूर्ण जीवन अयोध्या धाम के विकास और रामलला के भव्य मंदिर निर्माण को समर्पित रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वेदांती जी का पूरा जीवन ही रामकाज को समर्पित था। यह भी एक संयोग है कि प्रभु श्रीराम की पावन कथा का वाचन करते हुए उन्होंने नश्वर देह का त्यागकर साकेतवास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वेदांती के योगदान को याद करते हुए कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के प्रारंभिक दौर से लेकर उसके मूर्त रूप लेने और आंदोलन के सफल परिणाम को देखने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को श्रीरामजन्मभूमि पर निर्मित भव्य मंदिर पर धर्मध्वजा आरोहण के समारोह में भी वेदांती जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह उनके समर्पण और निरंतर सहभागिता का स्पष्ट प्रमाण है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 1983 में श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति अभियान के आरंभ से लेकर अब तक आयोजित प्रत्येक आंदोलन और कार्यक्रम में वेदांती की सक्रिय भूमिका रही।

# श्रमिक मध्यप्रदेश को गढ़ने वाले सच्चे सेवकः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार हर उस जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है, जो इसके वास्तविक हकदार हैं। हमारी सरकार गरीब, लाचार, श्रमिक, निराश्रित और जरूरतमंद नागरिकों को स्नेह, अपनत्व, स्वावलंबन और आर्थिक सहायता का संबल देती रहेगी। प्रदेश की जनता के सुख-दुख में सरकार हमेशा साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री जनकल्याण (सम्बल 2.0) योजना के तहत सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 55 जिलों के 7227 सम्बल हितग्राहियों के बैंक खाते में 160 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस योजना के प्रारंभ वर्ष 2018 से लेकर अब तक 7.76 लाख प्रकरणों में 7383 करोड़ रुपये की सहायता राशि जरूरतमंद हितग्राहियों को दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संबल योजना श्रमिकों के कठिन समय की सच्ची साथी है। सरकार हर परिस्थिति में श्रमिकों के साथ खड़ी है। संबल योजना सिर्फ. आर्थिक सहायता का जरिया ही नहीं, यह सरकार और श्रमिकों के बीच आपसी भरोसे का रिश्ता भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय के साथ श्रम के स्वरूप भी बदले हैं। हमारी सरकार ने गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक का दर्जा दिया है। एक मार्च 2024 से इन्हें भी संबल योजना के दायरे में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक 1400 से अधिक गिग वर्कर्स पंजीकृत किए गए हैं। गरीबों और श्रमिकों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए हमने संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना से भी जोड़ दिया है। साथ ही 25 लाख से अधिक नए ई-श्रमिक परिवारों को राशन पात्रता देकर उन्हें भी निःशुल्क राशन का लाभ दिया गया है। गर्भवती बहनों के लिए भी सरकार बेहद संवेदनशील है। गर्भावस्था के दौरान उन्हें काम पर न जाना पड़े और उन्हें पोषण की कमी न हो, इसी उद्देश्य से ऐसी बहनों को 16 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।



**सहायता राशि**

- मुख्यमंत्री ने 7227 श्रमिक हितग्राहियों के बैंक खाते में 160 करोड़ रुपये की सहायता राशि अंतरित की

# वी ने पेश किया भारत का पहला रीचार्ज लिंक्ड हैण्डसेट थेफ्ट एंड लॉस इंश्योरेन्स प्लान

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज टेलीकॉम उद्योग के पहले हैण्डसेट थेफ्ट एंड लॉस इंश्योरेन्स प्लान्स के लॉन्च की घोषणा की है ये प्लान आईओएस एवं एंड्रोइड दोनों तरह की डिवाइसेज इस्तेमाल करने वाले प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए हैं।यह अनूठी पेशकश चुनिंदा प्रीपेड रीचार्ज पैक्स के साथ उपलब्ध है जो उपभोक्ताओं की स्मार्टफोन खो जाने की चिंता को हल करेगी जिसे पारम्परिक डैमेज ओनली इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अक्सर कवर नहीं किया जाता।मई 2025 में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार तकरीबन 85.5 फीसदी परिवारों के पास कम से कम एक स्मार्टफोन होता है। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल हैण्डसेट इंश्योरेन्स मार्केट 14 फीसदी सालाना की दर से बढ़कर 2.6 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने का अनुमान है जबकि मध्यम रेंज के फोन को बदलने करने की लागत रु 20000 से रु 25000 के बीच पड़ती है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को राम नगरी अयोध्या पहुंचे। उन्होंने श्रीरामजन्म भूमि मंदिर एवं हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन किया।

# उत्तर प्रदेश में अमंगल रहा मंगल का दिन, सड़क हादसों में 31 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों के लिहाज से मंगलवार का दिन अमगंल ही रहा। कोहरा और तेज रफ्तार के चलते प्रदेश के कई जिलों में मार्ग दुर्घटनाएं हुईं। सोमवार की देर रात और मंगलवार को हुई इन दुर्घटनाओं में 31 लोगों की मौत हुई है और 87 से अधिक लोग घायल हुए हैं।



इनमें सबसे भीषण हादसा में मथुरा जिले में एक्सप्रेसवे पर हुआ है।यहां वाहनों के आपस में टकराने के बाद आग लगने से 13 लोग जिंदा जल गए। इसके अलावा बस्ती और उन्नाव जिले में चार-चार और लखनऊ, बागपत व बहराइच में दो-दो, नोएडा, मीरजापुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र जिले में एक-एक लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में जानहानि पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की हैं। और कई घटनाओं में मुआवजे का भी ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया है। मथुरा जिले के बलदेव थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के 127 किलोमीटर माइलस्टोन के पास मंगलवार तड़के कोहरे की वजह से कई वाहन आपस में टकरा गई। टक्कर के बाद सात बसों और तीन कारों में आग लग गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# भीम ने गर्व से स्वदेशी अभियान शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** भीम पेमेंट्स ऐप जो कि एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएसएल) द्वारा विकसित घरेलू डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म है ने आज अपने गर्व से स्वदेशी अभियान की शुरूआत की जिसका उद्देश्य पूरे भारत में नए उपयोगकर्ताओं को डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

भीम इस महीने अपनी स्थापना के 10वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस मील का पत्थर मनाने के लिए नए उपयोगकर्ताओं के लिए 20 रुपए या उससे अधिक के किसी भी लेन देन पर 20 रुपए का फ्लैट कैशबैक पेश किया गया है।

**डिजिटल भुगतान**

- पूरे भारत में नए उपयोगकर्ताओं को डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना

# योगी सरकार में दबंगों के हौसले बढ़े, विकास कार्य कराते समय हमला

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा ।** जनपद में पुलिस लगातार दबंगों को सबक सिखाने का कार्य कर रही है पर दबंगों पर इसका असर होता दिखाई नहीं दे रहा आए दिन कही ना कही कोई नया दबंग उभर कर सामने आता रहता है, थाना कोतवाली क्षेत्र के भैंस बहोरा क्षेत्र में किशोरी रमण गर्ल्स इंटर कॉलेज के निकट दबंगों द्वारा वार्ड नंबर 5 के भाजपा पार्षद हनुमान पहलवान पर अचानक हमला कर दिया। पार्षद हनुमान पहलवान अपने क्षेत्र में महिलाओं के लिए एक सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य कराने पहुंचे जहां क्षेत्र के नैमी गुजर नामक व्यक्ति द्वारा सरकारी कार्य में अड़ंगा डालते हुए पार्षद से कार्य करने की एवज में रकम मांगी, पार्षद हनुमान पहलवान द्वारा कहा गया ये सामाजिक कार्य हैं इलाके में बहन बेटियों के लिए सुलभ शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है।

इस मार्ग पर कई कॉलेज बने हैं जिनमें आने वाली बच्चियों की सुविधा का कार्य किया जा रहा है, इस पर नैमी गुजर ने अपने साथियों के साथ मिल काम रोकने के लिए महिलाओं को आगे कर सड़क जाम करने का काम किया, पार्षद हनुमान पहलवान द्वारा अनुनय विनय कर समझाने का प्रयास किया तो धारदार हथियार से पार्षद पर हमला कर घायल कर दिया, पार्षद द्वारा बताया गया कि नौमी गुजर द्वारा हमला कार गले में पहनी सोने की चैन खींच ली। हमले के दौरान मौके पर होलीगेट चौकी का सिपाही पहुंच गया जिसे हनुमान पहलवान और भीड़ के द्वारा दबंग आरोपित व्यक्ति को पकड़ कर सौंप दिया पर होलीगेट चौकी के सिपाही द्वारा दबंग व्यक्ति को मौके से भगा दिया गया। पार्षद द्वारा थाने में तहरीर दे दी गई है कोतवाली में विधिक कार्यवाही कर पहलवान हनुमान पार्षद को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

**रकम मांगी**

- सत्ताधारी दल के पार्षद हनुमान पहलवान पर वार्ड में विकास कार्य कराते समय हमला

# राजस्थान हाईकोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के राजस्थान हाईकोर्ट को मंगलवार को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। लेकिन इस बाद मेल कर्ता ने सेशन कोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भेजी। जिसमें लिखा कि हाईकोर्ट में आरडीएक्स रखा है और तीन ब्लास्ट होंगे। न्यायाधीशों के चेंबर-बाथरूम में में बम को प्लांट किया गया है। जितनी जल्दी हो सके, हाईकोर्ट को खाली करवा लो। सेशन कोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर जयपुर पुलिस की ओर से हाईकोर्ट को खाली करवाया गया। पुलिस, एटीएस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। हाई कोर्ट परिसर को खाली करवाकर गहन सर्च अभियान चलाया गया। हालांकि ढाई घंटे तक चले सर्च अभियान में कुछ नहीं मिलने के बाद धमकी भरा ई-मेल झूठा निकलने पर राहत की सांस ली।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी अशोक नगर) बालाराम ने बताया कि जयपुर के राजस्थान हाईकोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस बार सेशन कोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर मंगलवार सुबह धमकी भरा मेल भेजा मिला। जहां हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी सेशन कोर्ट की ई-मेल आईडी पर दी गई थी। धमकी भरे मेल में लिखा था कि जयपुर हाईकोर्ट में रखे आरडीएक्स में तीन ब्लास्ट होंगे। न्यायधिशों के चेंबर-बाथरुम में बम को प्लांट किया गया है। जितनी जल्दी हो सके हाईकोर्ट को खाली करवा

**धमकी भेजी**

- सेशन कोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर आया था हाईकोर्ट को बम से उड़ाने का मेल

# मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे हादसे में 13 जिंदा जले, 70 झुलसे

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** मंगलवार सुबह यमुना एक्सप्रेसवे के थाना बलदेव क्षेत्र के माइलस्टोन 127 गांव खड़ेहरा पर आगरा से नोएडा जा रही लाइन पर भयानक सड़क हादसा हो गया। यहां विजुअलिटी कम होने के कारण कोहरे में वाहनें आपस में टकरा गए। इससे वाहनों में आग लग गई। बताया जाता है सात बसें और तीन कारों में भीषण आग लगी है। वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसा इतना भयानक था की 13 लोगों की जलकर मौत हो गई जबकि लगभग 150 से अधिक घायलों को उपचार के लिए लगभग 20 एम्बुलेंसों के जरिए चिकित्सालय पहुंचाया गया। एक्सप्रेस-वे पर घटना की सूचना पर इलाका पुलिस व पुलिस प्रशासन प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। रेस्क्यू अभियान चलाया गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घटना से यात्रियों में चीख पुकार मच गई। एक्सप्रेस वे पर सुबह-सुबह हुई दुर्घटना की सूचना मिलते ही डीएम सीपी सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार घटनास्थल पर पहुंच गए। बताया जाता है अग्निकांड इतना भीषण था की चारों ओर आग ही आग दिखाई दे रही थी। आंख की लफ्ट काफी ऊंची ऊंची उठ रही थी जो किलोनमीटर तक देखी गईं ।लोग बचने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे।डीएम एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घटना से मार्ग अवरुध हो गया। वाहनों की लाईन लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को क्रेन से हटवा कर साईड से किया गया। आग इतनी भीषण थी लगभग एक दर्जन दमकलों ने आग पर काबू पाया। हादसे में कानपुर के लोग ज्यादा घायल हुए हैं।

एक ही परिवार के कई लोग हैं। वहीं पुलिस प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।

एसएसपी श्लोक कुमार ने भीषण हादसे में 13 लोगों की जलकर मृत्यु होने की पुष्टि की है। एसएसपी ने बताया लोगों को सरकारी वाहनों से उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया है। रूट डायवर्जन कर वाहनों को निकाला गया। दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया है। घटना स्थल से मिले मलवे व अन्य सामान को मोर्चरी में रखवाया गया है। 4 शवों का डीएनए कराया जा रहा है जिससे उनके परिजन आए तो मिलान हो सके। शवों की शिनाख्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की ओर से फिर दर्ज कराई गई है जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे कडी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**दो की हुई पहचान**

पुलिस ने दो मृतकों की पहचान रामपाल पुत्र पहोड़ीराम निवासी आजमगढ़ व अजिलेंद्र याद पुत्र बंशीधर निवासी मुद्दीनपुर थाना सराय ममरेज जिला प्रयागराज के रुप में हुई है।

**योगी ने जताया शोक**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों का तत्काल समुचित एवं निशुल्क उपचार सुनिश्चित करते हुए उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को पचास पचास हजार रुपए की आर्थिक राहत सहायता राशि देने की घोषणा की है। सीएम ने अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली है।



**सड़क हादसा**

- वजुअलिटी कम होने के कारण कोहरे में वाहनें आपस में टकरा गए। इससे वाहनों में आग लग गई

# भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार : अनुराग सिंह ठाकुर

**अग्रसर**

» भारत खेलता, खिलता, जीतता और आगे बढ़ता दिख रहा : अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विगत 11 वर्षों में खेल क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मोदी सरकार के उल्लेखनीय प्रयासों व कार्यों पर विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है।



अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनी तो पहले ही दिन से खेल के प्रति सरकार का रुख स्पष्ट था। एनडीए सरकार खेल के साथ कोई खेल नहीं होने देगी। खिलाड़ी देश के लिए खेलते हैं इसलिए उनके ट्रेनिंग और जरूरतों को पूरा करना हमारा कर्तव्य है।

सरकार का स्पष्ट मानना है कि खेलेगा भारत और बढ़ेगा भारत। खेल के क्षेत्र में हमर सुपर फाइव में जाने के लिए कदम बढ़ा चुके हैं और 2030 तक भारत की स्पोर्ट्स इंडस्ट्री 120 बिलियन डॉलर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आज गर्व के साथ कहा जा सकता है कि भारत के पास ऐसे विशाल इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट्स को आयोजित करने का साधन भी है, साहस भी है और संकल्प भी है और आज अपने भारत अपने सामर्थ के दम पर 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार खड़ा है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा- एक वह भी समय था जहाँ युवा एवं खेल मंत्रालय को 800करोड़ के आसपास का वजट देकर निपटा दिया जाता था। आज युवा एवं खेल मंत्रालय का कुल वजट आज 3,794.30 करोड़ रुपए है। देश भर में महिला खेलों को बढ़ावा देने के लिए अस्मिता (अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाई इन्स्पिरिंग वीमेन थ्रू एक्शन) के अंतर्गत देश भर में 20 खेलों का आयोजन किया गया।

## गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के दो स्वयंसेवक आरडी परेड के लिए चयनित

**राजन पुरी**

**ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दो स्वयंसेवकों अंशिका ठाकुर और कार्तिक का चयन जनवरी 2026 में शिमला में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गुरमेल सिंह तथा महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रभजोत राणा ने चयनित स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और सेवा भावना का परिणाम है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

# क्या सरकारी विभागों से राजनीति करवाना ही है व्यवस्था परिवर्तन : जयराम ठाकुर

**नशा**

» इवेंटबाजी करने से नहीं रुकेगा नशा, बीते कल भी ओवर डोज से हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार और कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक और नैतिक पतन की कोई सीमा नहीं है। अब सरकारी विभाग जिनका काम सरकार की उपलब्धियों का प्रचार प्रचार करना है। वह राजनीतिक पार्टियों के खिलाफ घटिया पोस्टर बनाकर ट्रोल आर्मी की तरह व्यवहार कर रहे हैं। 3 साल के कार्यकाल में सरकार के पास बताने के लिए कोई उपलब्धि है नहीं



और मुख्यमंत्री के तरकश के झूठ के सारे बाण खत्म हो गए हैं तो अब मुख्यमंत्री और उनके मित्र मंडली ने सरकारी विभाग को ही पॉलीटिकल पार्टियों के खिलाफ दुष्प्रचार करने में लगा दिया है। व्यवस्था पतन का यह सिलसिला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। चिंता इस बात की है कि मित्र मंडली ने इस गिरावट की निचली सीमा निर्धारित ही नहीं की है। आने वाले समय में यह प्रदेश की पहचान, प्रदेश की छवि पर भी बहुत भारी पड़ने वाला है। यह गिरावट तभी शुरू हो गई थी जब सरकारी विभाग पॉलीटिकल पार्टी के खिलाफ मीडिया में बयान जारी करने लगे थे। मुख्यमंत्री से तब भी हमने इसे रोकने की बात कही थी। क्योंकि जिस राह पर सरकार चल रही है उसके गिरावट की कोई सीमा नहीं है।

## संतोषगढ़ में श्रद्धा से मनाया गया संक्रांति पर्व

**राजन पुरी**

**ऊना।** श्री गुरु रविदास मंदिर संतोषगढ़ में संक्रांति दिवस बड़ी श्रद्धा और धार्मिक उगास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संत बाबा कमलजीत सिंह आवादा बराना वालों ने श्री गुरु रविदास महाराज की वाणी का गुणगान करते हुए मंदिर में उपस्थित संगत को सतगुरु से जुड़ने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है और इसी से जीवन सफल होता है। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी सेवानिवृत्त चमन लाल भाटिया ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रकाश डालते हुए संगत को जागरूक किया और सामाजिक सुधार का आह्वान किया।

## ड्रैगन बोट रेस का स्टेट ट्रायल 21 दिसंबर को गोविंद सागर झील में होगा

**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** राष्ट्रीय स्तर की ड्रैगन बोट रेस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्टेट-लेवल ट्रायल का आयोजन 21 दिसंबर 2015 को किया जा रहा है। यह ट्रायल हिमाचल प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन की ओर से गोविंद सागर झील में आयोजित होगा। ट्रायल में सीनियर व जूनियर पुरुष एवं महिला वर्ग की ड्रैगन बोट स्पर्धाएं करवाई जाएंगी। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि इसमें केवल हिमाचल प्रदेश के प्रतिभागियों को ही शामिल किया जाएगा। ट्रायल के माध्यम से प्रदेश की ड्रैगन बोट टीम का चयन किया जाएगा। एसोसिएशन के कोच शाम लाल और महासचिव डॉ. पदम सिंह गुलेरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टेट ट्रायल में चयनित खिलाड़ी भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन द्वारा 6 से 9 जनवरी 2026 तक आयोजित 14वीं राष्ट्रीय सीनियर व जूनियर पुरुष एवं महिला ड्रैगन बोट रेस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के छोटा तालाब में आयोजित होगी।

उन्होंने बताया कि स्टेट ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे जल क्रीड़ा केंद्र, बिलासपुर में पहुंचना अनिवार्य होगा और तैराकी में दक्ष होना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा कि एसोसिएशन युवाओं को नशे से दूर रखने और



खेलों, विशेषकर जल क्रीड़ा के प्रति प्रेरित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

युवाओं से आह्वान किया गया कि वे नशे से दूरी बनाकर बढ़ चढ़ कर खेलों को अपनाएं और प्रदेश का नाम रोशन करें।

## 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित होंगे प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम : सहायक आयुक्त

**हामिद खान**

**चंबा।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक जिला में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन सप्ताह आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का शीघ्र, सरल एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस दौरान नागरिकों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर कार्यक्रम के तहत उपमंडल तथा



तहसील स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम की निरंतरता में 23 दिसंबर को जिला स्तर पर सुशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर एक कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अल्माइटी स्कूल से एक और राष्ट्रीय स्तर के शूटर ने देशभर में विद्यालय का नाम किया रोशन




**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** आरुष धीमान ने भोपाल (मध्य प्रदेश) में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 600 में से 597 अंक प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

यह असाधारण सफलता आरुष की कड़ी मेहनत, अनुशासन, एकाग्रता और खेल के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है।

साथ ही यह उपलब्धि अल्माइटी पब्लिक स्कूल में उपलब्ध आधुनिक शूटिंग सुविधाओं, अनुभवी कोचिंग और नियमित अभ्यास व्यवस्था का भी प्रमाण है, जहाँ छात्रों को प्रारंभिक स्तर से ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाता है। अल्माइटी पब्लिक स्कूल में छात्रों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जहाँ शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है।

विद्यालय में शूटिंग जैसी विशिष्ट खेल सुविधा उपलब्ध होना विद्यार्थियों के छुपे हुए प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस उल्लेखनीय सफलता के लिए आरुष धिमान एवं उनके सम्मानित अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। उनकी इस यात्रा में अभिभावकों का सहयोग एवं विद्यालय का मार्गदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा है। आरुष, इसी प्रकार लक्ष्य पर केंद्रित रहकर निरंतर आगे बढ़ते रहें।

### जलग्रां के चंदन शर्मा फिर से बने ब्राह्मण सभा ऊना के अध्यक्ष



**राजन पुरी**

**ऊना।** ब्राह्मण सभा जिला ऊना की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को संतोषगढ़ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष विजय शर्मा ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सभा के पदाधिकारी, सदस्य और वरिष्ठ सलाहकार मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत करना तथा जिला ऊना की नई कार्यकारिणी का गठन करना रहा। बैठक के दौरान सभा के महासचिव शाम प्रसाद और सलाहकार रमेश भाऊ की देखरेख में जिला ऊना के चुनाव संपन्न करवाए गए। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति से संपन्न हुई। चुनाव तीन प्रमुख पदों के लिए कराए गए, जिसमें सभी सदस्यों की सहमति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से जलग्रां से चंदन शर्मा को ब्राह्मण सभा जिला ऊना का प्रधान नियुक्त किया गया। वहीं संतोषगढ़ से शशी कांत चब्बा को महासचिव और भटोली से विनय सहोड़ को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए महिला अध्यक्ष पद पर चताड़ा से मीना शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## चुराह में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी फरार

**हामिद खान**

**चंबा।** चुराह उपमंडल में एक युवक द्वारा शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। हालांकि आरोपी अभी फरार बताया जा रहा है।

पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी युवक ने शादी का भरोसा दिलाकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने शादी की बात की तो आरोपी साफ तौर पर मुकर गया। पीड़िता ने आरोपी पर मारपीट करने और घर से निकालने के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें फील्ड में उतार दी गई हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ तीसरा पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की पुष्टि एसपी चंबा विजय कुमार सकलानी ने की है।

## डोहक में सौर परियोजना अगलौट द्वारा डांस प्रतियोगिता आयोजित

**राजन पुरी**

**ऊना।** उपमंडल बंगाणा की दस मेगावाट सौर परियोजना अगलौट की ओर से राजकीय माध्यमिक पाठशाला दोहक में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के कूल 26 ब%चों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पारंपरिक हिमाचली नाटी और लोकप्रिय हरियाणवी डांस गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

## ब्लॉक कबड्डी मुकाबले में युवा क्लब गुगलैहड़ बना विजेता

**राजन पुरी**

**ऊना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार माई भारत ऊना की ओर से गुगलेहड़ स्कूल के खेल मैदान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता गुगलैहड़ के नेहरू सद्भावना युवा मंडल के सौजन्य से आयोजित हुई। इसमें मुख्य रूप से कबड्डी, वॉलीबाल और दौड़ के मुकाबले आयोजित किए गए। प्रतियोगिता का शुभारंभ माई भारत ऊना के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार, स्थानीय पंचायत प्रधान उपनिष पाल सिंह, उपप्रधान राजिंद्र कौर एवं पीएनबी आरसेटी ऊना के आकाश भारद्वाज द्वारा किया गया।

## संगठन, सुशासन और युवाओं के सशक्त नेतृत्व का प्रतीक है नितिन नबीन का राजनीतिक सफर : नंदा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ नेताओं ने नितिन नबीन को उनके नवीन पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि नितिन नबीन का राजनीतिक एवं संगठनात्मक जीवन अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है।



23 मई 1980 को झारखंड की राजधानी राँची में जन्मे नितिन नबीन ने कम आयु में ही सार्वजनिक जीवन में कदम रखा और संगठन के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए आज पार्टी के शीर्ष संगठनात्मक पद तक पहुँचे हैं। उन्होंने बताया कि नितिन नबीन लगातार पाँचवीं बार बांकीपुर विधानसभा से भारी मतों से विजयी होकर जनविश्वास का प्रतीक बने हैं।

प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कहा कि नितिन नबीन का विधायक से लेकर बिहार सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री और अब राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तक का सफर उनके कुशल नेतृत्व, कार्यक्षमता और संगठनात्मक क्षमता को दर्शाता है।

## भाजयुमो शिमला के जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों सहित प्रो. धूमल से की शिष्टाचार भेंट

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जिला शिमला के जिला अध्यक्ष सुमित ठाकुर ने महामंत्री अक्षय गौतम एवं उपाध्यक्ष अजय शर्मा सहित हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश व संगठन से जुड़े समसामयिक विषयों, युवाओं की भूमिका तथा भाजपा की संगठनात्मक मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। भेंट के दौरान प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र और संगठन की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। उन्होंने कहा कि भाजयुमो ने हमेशा राष्ट्रहित, संगठन हित और समाज सेवा के



कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। प्रो. धूमल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे जनसेवा, अनुशासन और वैचारिक स्पष्टता के साथ कार्य करते हुए भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि समर्पित युवा कार्यकर्ताओं के प्रयासों से संगठन और अधिक सशक्त होगा।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष सुमित ठाकुर ने कहा कि प्रो. प्रेम कुमार धूमल का मार्गदर्शन युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि जिला शिमला में भाजयुमो युवाओं को जोड़ने, संगठन विस्तार और रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से जनसंपर्क को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं में राष्ट्रनिर्माण की भावना को मजबूत करना भाजयुमो की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि संगठन आने वाले समय में प्रशिक्षण, सामाजिक सरोकारों और जनजागरण से जुड़े अभियानों को और तेज करेगा। शिमला भाजयुमो जिला महामंत्री अक्षय गौतम एवं जिला उपाध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि प्रो. धूमल जैसे अनुभवी नेता का सान्निध्य और मार्गदर्शन युवाओं को सकारात्मक दिशा देता है। उन्होंने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने और भाजपा की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## NOTICE

IN THE COURT OF EXECUTIVE MAGISTRATE cum- (NAIB TEHSILDAR) SUB-TEHSIL DHAMI, DISTRICT SHIMLA, HIMACHAL PRADESH.

Application Not- 5/2025 Dated of Institution: 03-11-2025.

Smt. Kamla Devi D/O Sh. Mastiya R/O Village Sohal P.O Sainj Sub-Tehsil Dhami, Distt. Shimla, Himachal Pradesh.

Verses

General Public

Application regarding delayed registration of birth event under section 13 (3) of the Birth & Deaths Registration Act, 1969.

Proclamation: The application regarding delayed registration of birth event of Sh. Smt. Kamla Devi D/O Sh. Mastiya R/O Village Sohal P.O Sainj (GP Nehra) Sub- Tehsil Dhami Distt. Shimla H.P under Section 13 (3) of the Birth & Deaths Registration Act, 1969 along with affidavit and relevant documents is received from Tehsil Sunni vide letter No The.Sunni 5-1(5)Misc/2025-1584 dated 28th October, 2025, in the court of undersigned to recording/Correction of the date of birth 18-05-1973 in the record of Registrar. Birth & Death, Gram Panchyat Nehra.

And whereas, the District Registrar. (Births & Deaths,) Shimla has verified the facts about the date of birth of Smt. Kamla Devi D/O Sh. Mastiya vide letter No. HFW-SML(MOH) (B&D)/Aug 2025-6240 dated 22-09-2025.

| Sr.No. | Name of the family members | Relation | Date of birth |
|---|---|---|---|
| 1. | Smt. Kamla Devi D/O Sh. Mastiya R/O Village Sohal P.O Sainj, Sub-Tehsil Dhami Distt. Shmla H.P | self | 18-05-1973 |

Hence, this proclamation is issued to the general public if they have any objection/claim regarding recording/Correction of the date of birth of above named in the record of Registrar. Birth & Death. Gram Panchyat Nehra, may file their claims/objections on or before one month from the date of publication of this notice in Govt. Gazette in this court, failing which necessary orders will be passed.

Issued today 06-12-2025 under my signature and seal of the court.

Executive Magistrate Sub-Tehsil Dhami Distt Shimla

## इंडस के विद्यार्थियों ने मैहतपुर का किया औद्योगिक भ्रमण

**राजन पुरी**

**ऊना।** इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बाथू के स्कूल ऑफ एप्लाइड साइंस एवं स्कूल ऑफ फार्मेसी के अंतर्गत एमएससी रसायन विज्ञान तथा बी फार्मेसी के विद्यार्थियों ने मंगलवार को स्विस गार्नियर मैहतपुर का औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य रासायनिक विज्ञान के औद्योगिक अनुप्रयोगों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था तथा सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक औषधि उद्योग की कार्यप्रणालियों के बीच की दूरी को कम करना था। भ्रमण शुरू होने से पहले कुलपति एवं योग्य कुलसचिव ने छात्रों को औद्योगिक अनुभव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों की व्यावहारिक समझ को बढ़ाते हैं तथा रोजगार योग्यता में वृद्धि करते हैं। उन्होंने छात्रों को इस अवसर का उपयोग अधिकतम सीखने और समझने के लिए करने को प्रेरित किया। कंपनी के मानव संसाधन अधिकारी नरेंद्र तोमर ने विद्यार्थियों को कंपनी की रूपरेखा से परिचित कराया।

» रासायनिक विज्ञान के औद्योगिक अनुप्रयोगों का व्यावहारिक जानकारी

## रॉकफोर्ड स्कूल का वार्षिक समारोह 20 को

**राजन पुरी**

**ऊना।** रॉकफोर्ड डे बोर्डिंग पब्लिक स्कूल ऊना का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 20 दिसंबर को मनाया जा रहा है।

समारोह में पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। जबकि एसडीएम ऊना अभिषेक मित्तल, शिक्षा उपनिदेशक ऊना सोम लाल धीमान, स्कूल के एमडी विनोद आनंद विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य शगुन सिक्का ने दी।

उन्होंने बताया कि समारोह में न केवल बगों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जाएगा, बल्कि होनहारों बगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## सरकारी सूचना विभाग का फेसबुक पेज कांग्रेस का प्रचार मंच बना, भाजपा पर हमला अस्वीकार्य : संदीपनी भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर की गई पोस्ट को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एक संवैधानिक और सरकारी विभाग का इस प्रकार सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी पर राजनीतिक हमला करना पूरी तरह से अनुचित, निंदनीय और सरकारी मर्यादाओं के खिलाफ है। सरकारी विभागों का काम जनसूचना देना होता है, न कि सत्ताधारी पार्टी के प्रवक्ता की भूमिका निभाना। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि उक्त पोस्ट हमीरपुर में आयोजित चिट्टा अवेयरनेस वॉकथॉन को लेकर डाली गई, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि नशे जैसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को भी कांग्रेस पार्टी ने राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया। भाजपा का स्पष्ट कहना है कि कांग्रेस पार्टी चिट्टे के खिलाफ वास्तविक लड़ाई नहीं लड़ रही, बल्कि केवल दिखावटी कार्यक्रमों और नौटंकी के जरिए अपनी छवि चमकाने में लगी हुई है।

उन्होंने याद दिलाया कि विधानसभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि नशे के खिलाफ सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर लड़ाई लड़ेंगे, लेकिन हमीरपुर में हुए सरकारी कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के झंडे लगाए गए, जो उस सर्वदलीय भावना के बिल्कुल विपरीत है। इससे पहले धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा और कांग्रेस ने एक मंच पर नशे के विरोध में धरना प्रदर्शन किया था, लेकिन मुख्यमंत्री और सरकार अब उस साझा संकल्प को भूल चुकी है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि नशे के खिलाफ कार्यक्रमों में राजनीतिक दलों से ऊपर उठकर काम करने की आवश्यकता है।

# सुक्खू आज बिलासपुर में, घुमारवीं में 69 करोड़ रूपये के विभिन्न विकासात्मक कार्यों के करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

**शिरकत**

**घुमारवीं में अखिल भारतीय पेंशनर दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि करेंगे शिरकत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 17 दिसम्बर को जिला बिलासपुर के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में लगभग 69 करोड़ रूपये के विभिन्न विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इस बीच वह घुमारवीं में ही अखिल भारतीय पेंशनर दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस बारे जानकारी देते हुए एक विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री 17 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे घुमारवीं के टिक्करी हेलीपैड पहुंचेंगे तथा 6.08 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले बहुउद्देशीय खेल परिसर की आधारशिला रखेंगे। इसके उपरान्त 10:35 बजे घुमारवीं शहर पहुंचेगे तथा 4.82 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित पुलिस थाना घुमारवीं का उद्घाटन तथा 6 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाले फैमिली क्वार्टर की आधारशिला रखेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री प्रातः 10:55 बजे घुमारवीं बस स्टैंड पहुंचेगे तथा 6.13 करोड़ रूपये की लागत से अपग्रेड होने वाली 7 किलोमीटर लंबी अमरपुर-हड़सर-डाहड-जमन-घुमारवीं सड़क की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद प्रातः 11:15 बजे मुख्यमंत्री सीर खड्ड पुल पहुंचेगे तथा 34.95 करोड़ रूपये की लागत से 31 किलोमीटर लंबी घुमारवीं.बरठीं.शाहतलाई सड़क के उच्चीकरण कार्य का शिलान्यास तथा 3.67 करोड़ रूपये की लागत से सीर खड्ड में निर्मित वर्षा जल संग्रहण कार्य (चेक डैम) का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री प्रातः 11:35 बजे बाड़ी मझेडवां में 6.80 करोड़ रूपये की लागत से सीर खड्ड के ऊपर बाड़ी मझेड़वां.डाहड.पनोल सड़क पर निर्मित होने वाले 68 मीटर जीप योग्य स्पैन पुल की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे घुमारवीं स्थित एम फॉर यू होटल पहुंचेंगे तथा अखिल भारतीय पेंशनर दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

# घुमारवीं कन्या स्कूल की बेटियों ने जीता विप्रो अर्थियन नेशनल अवार्ड-2025




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

बिलासपुर। करगिल शहीद विजयपाल मैमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं ने विप्रो अर्थियन नेशनल अवार्ड-2025 जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्राप्त करने के साथ स्कूल व इलाके का नाम रोशन किया है। गौर हो कि यह सम्मान विद्यालय की छात्राओं की टीम को जैव.विविधता एवं सतत विकास विषय पर उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि में विद्यालय की मार्गदर्शक शिक्षिका, प्रवक्ता जीव विज्ञान प्रतिमा वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इनके कुशल मार्गदर्शन में छात्राओं ने यह सफलता हासिल की है। इस प्रतियोगिता में देशभर के 2000 से अधिक विद्यालयों में से केवल 25 टीमों का चयन किया गया था, जिनमें करगिल शहीद विजयपाल मैमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं की टीम भी शामिल रही। विजेता टीम में शगुन शर्मा, प्रीति, सानिया शेख, पल्लवी एवं अक्षरा शर्मा शामिल हैं। विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरणीय मुद्दों पर किए गए उनके अध्ययन और समाधान-आधारित प्रस्तुतीकरण को निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया।

# पैंशनर्ज की मांगों को सुलझाने के लिए सीएम सुक्खू आज आएंगे घुमारवींः जगदीश दिनेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पैंशनर्ज वेलफेयर एसोशिएशन बिलासपुर इकाई का यह सौभाग्य है कि वर्ष 2025 का राज्यस्तरीय अखिल भारतीय पैंशनर्ज दिवस समारोह मनाने का अवसर मिला है, जिसमें मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार सुखविंद्र सिंह सुक्खु बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे जबकि तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगें। इस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश से करीब 5 हजार पैंशनर्ज बिलासपुर में शिरकत करेंगे। जिले के घुमारवीं में होने वाले इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिलों के प्रतिनिधिमंडल पहुंचना शुरू हो गए हैं तथा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसलिए प्रदेश के सभी पैंशनर्ज से आग्रह है कि अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर सकारात्मक हल ढूंढने के लिए घुमारवीं में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें। यह बात पैंशनर्ज वेलफेयर एसोशिएशन बिलासपुर के प्रधान जगदीश दिनेश ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के संभावित आगमन से पूरे प्रदेश के विभिन्न विभागों, निगमों, बोर्डों से सेवानिवृत कर्मचारियों को बड़ी आस है, इसलिए यह कार्यक्रम कई मायनों में महत्वपूर्ण है। प्रधान जगदीश दिनेश ने कहा कि चंद लोग जिन्हें पैंशनर्ज ने सीधे मुकाबले में हराया है, वे इस कार्यक्रम से किनारा कर अपना राग अलाप रहे हैं। जबकि पैंशनर्ज वेलफेयर एसोशिएशन के तमाम कर्मचारी एक बैनर के नीचे एकजुट हैं। ऐसे में पैंशनर्ज को स्वार्थी और मतलबी लोगों के बहकावे में नहीं आना चाहिए क्योंकि घुमारवीं में होने वाला यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। जिला प्रधान ने कहा कि यह पूरे प्रदेश के पैंशनर्ज का सौभाग्य है कि स्वयं सरकार उनके आग्रह पर उनके पास आ रही है। इसलिए अपनी बात शिद्दत से रखने का इससे बड़ा मौका और कोई नहीं हो सकता है। प्रधान जगदीश दिनेश ने कहा कि इस दौरान मुख्यमंत्री का अभूतपूर्व स्वागत होगा तथा उन्हें 19 सूत्रीय मांग पत्र भी भेंट किया जाएगा ताकि समय रहते सेवानिवृत कर्मचारियों का हल हो सके। कार्यक्रम में 90 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके पैंशनर्ज को भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हाथों सम्मानित करवाया जाएगा। उन्होंने एचआरटीसी कर्मचारी वेलफेयर एसोशिएशनए विद्युत बोर्ड तथा अन्य सभी सेवानिवृत कर्मचारी यूनियनों के पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे भारी संख्या में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का स्वागत करने के लिए घुमारवीं आएं ताकि विघटनकारी ताकतों को भी संदेश मिल सके कि एकता में वास्तव में बल होता है।

# विजय दिवस पर कुल्लू में वीरों को अर्पित की श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** विजय दिवस के अवसर पर कुल्लू में एक कार्यक्रम बहुउद्देशीय भवन में आयोजित किया गया, जिसमें 1971 के भारत -पाक युद्ध में शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त कुल्लू श्रीमती तोरुल एस. रवीश ने की। कार्यक्रम में देशभक्ति की विचार अभिव्यक्तियों और पुष्पांजलि कार्यक्रम के माध्यम से वीरों, जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

उपायुक्त ने इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति, कर्तव्य और मातृभूमि की एकता व अखंडता की रक्षा करने में सैन्य बलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वीर शहीदों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम, शौर्य और साहस से देश के हर नागरिक को आत्मविश्वास और सुरक्षा का एहसास होता है। हमारे भूतपूर्व सैनिक हमेशा किसी भी परिस्थिति में राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहते हैं और प्रशासन को निरंतर उनका सहयोग प्राप्त होता है। उपायुक्त ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल देश के वीर सपूतों को स्मरण करने का अवसर हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को प्रेरित करने और देशभक्ति की भावना जागृत करने का माध्यम भी हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सैनिकों की वीरता का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इस वीर भूमि के जवानों ने हर अवसर पर अपनी बहादुरी का लोहा मनवाया है। उपायुक्त ने यह भी जानकारी दी कि जिला में शहीद स्मारक का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, और आगामी समय में जल्द ही इसका औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया

# 21 दिसम्बर को सघन पल्स पोलियो अभियान, 63 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक




**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** 21 दिसम्बर को सघन पल्स पोलियो अभियान, 63 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी खुराकउपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाले सघन पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। अभियान के अंतर्गत जिला मंडी में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 63783 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए जिले भर में 1103 पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे, जिन पर 4454 बूथ टीम सदस्य तथा 228 पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे। जो बच्चे 21 दिसम्बर को खुराक लेने से छूट जाएंगे, उन्हें 22 और 23 दिसम्बर को घर-घर जाकर दवाई पिलाई जाएगी। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जिलावासियों से अपील की कि वे इस सघन पल्स पोलियो अभियान को जन-आंदोलन के रूप में लें और 0 से 5 वर्ष आयु के प्रत्येक बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलवाएं। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए, तभी शत-प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्रवासी आबादी तथा झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# विधायक अनुराधा राणा ने जायका फसल विविधीकरण परियोजना की अध्यक्षता की




**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** लाहौल एवं स्पीति विधायक अनुराधा राणा ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जायका) के सहयोग से हिमाचल प्रदेश में चल रही फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-II) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान परियोजना की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. जयंत रत्ना ने विधायक को अवगत कराया कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय दोगुनी करते हुए उच्च मूल्य वाली सब्जियों एवं लाभकारी फसलों को बढ़ावा देना है। इसमें सिंचाई सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, खेतों तक सड़कों का निर्माण, मांग आधारित विपणन, किसान समूहों एवं एफपीओ का गठन तथा डेयरी, मधुमक्खी पालन, मशरूम, विदेशी सब्जियां जैसे उद्यमों को प्रोत्साहन शामिल है।

अनुराधा राणा को बताया गया कि परियोजना प्राकृतिक खेती एवं खुशहाल किसान योजना से समन्वित होकर रसायन रहित खेती को बढ़ावा दे रही है। किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, गुणवत्तापूर्ण बीज-पौध उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हिम हल्दी, हिम दलिया, हिम आटा जैसे उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं विपणन पर जोर दिया जा रहा है, जिससे बेहतर मूल्य सुनिश्चित हो। लाहौल-स्पीति क्षेत्र में जल बहाव सिंचाई योजनाएं तेजी से बन रही हैं, जिनसे सैकड़ों हेक्टेयर भूमि पर उच्च मूल्य फसलें उगाई जा सकेंगी।

बैठक में विधायक को जानकारी दी गई कि प्रशिक्षण शिविरों, प्रदर्शन प्लॉटों एवं परामर्श के माध्यम से 700 से अधिक किसान परिवार लाभान्वित होंगे, जिससे लाहौल घाटी की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

## एमपी फतेह के लिए हिमाचल बास्केट बॉल अंडर-14 टीम रवानाः विशाल शर्मा

**बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) बिलासपुर में बास्केटबॉल अंडर 14 नेशनल कैंप संपन्न हो गया। यह जानकारी देते हुए डीपीई एवं कैंप प्रभारी विशाल शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की यह टीम आगामी 19 दिसंबर से 23 तक मध्य प्रदेश के सदौल जिला में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगी। मंगलवारा को इन बेटियों को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या बिलासपुर की प्रिंसिपल प्रिया पोसवाल ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया। कैंप प्रभारी विशाल शर्मा ने बताया कि बिलासपुर में इन बेटियों ने प्रशिक्षण शिविर में सात दिनों तक खूब पसीना बहाया तथा खेल की बारिकियों पर काम किया।

# एंटी-चिट्टा अभियान के तहत जिला की अति संवेदनशील पंचायतों में बैठकें आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** मंडी जिला में नशा निवारण अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिला की अति संवेदनशील ग्राम पंचायतों में आज बैठकों का आयोजन कर नशा निवारण पर रणनीति तैयार की गई। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर प्रदेशभर में एंटी चिट्टा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जन जागरुकता बढ़ाने और नशीले पदार्थों की बिक्री एवं आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। प्रदेश सहित जिला की ग्राम पंचायतों में नशा निवारण समितियों का गठन भी किया गया है।



उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर आज मंडी जिला की 24 अति संवेदनशील ग्राम पंचायतों में नशा निवारण समितियों की बैठकें आयोजित की गई। इनमें गोपालपुर, सिराज, चौंतड़ा, सदर, बल्ह, सुंदरनगर, द्रंग और बालीचौकी विकास खंड की पंचायतें शामिल हैं। इन बैठकों में युवा पीढ़ी को नशे की बुराई से दूर रखने का संकल्प लिया गया। विशेष तौर पर शिक्षण संस्थानों के आस-पास नशे कुछ बिक्री पर कड़ाई से रोक लगाने पर बल दिया गया। उन्होंने बताया कि जिला में एंटी-चिट्टा अभियान के तहत स्थानीय प्रशासन पुलिस सहित सभी संबंधित विभागों एवं एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य कर रहा है।

# सौलीखड्ड सहकारी बैंक शाखा ने सौंपा 2 लाख का बीमा क्लेम



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की सौलीखड्ड शाखा ने दुर्घटना में दिवंगत खाताधारक पवन सिंह के परिजनों को 2 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की। यह राशि मृतक की पत्नी बिंद्रा देवी को सौंपी गई। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक धनेश्वरु देवी और सहायक प्रबंधक अनिल धरवाल ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्रता से पूर्ण कर बीमा क्लेम समय पर पीड़ित परिवार तक पहुंचाने में तत्परता दिखाई। पवन सिंह प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जुड़े हुए थे, जिसके अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। बीमा राशि प्राप्त होने पर परिजनों ने बैंक प्रबंधन, शाखा कर्मचारियों और केंद्र सरकार की इस जनहितकारी योजना के प्रति आभार व्यक्त किया। शाखा प्रबंधक ने लोगों से अपील की कि वे बैंक में खाते खुलवाकर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ें, ताकि भविष्य में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## साइंस, स्ट्रेटजी रणनीति और सस्टेनेबिलिटी से कार्डियोवैस्कुलर रोगों से निपटने की आवश्यकताः डॉ पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** एडवांस्ड हार्ट फेलियर व ट्रांसप्लांट मेडिसिन में प्रिसिशन ड्रिवेन केयर , इंटरडिसिप्लिनरी कॉलेबोरेशन , इनोवेशन और समान पहुंच पर जोर देते हुए डॉ. दीपक पुरी ने व्यापक रोगी-केंद्रित देखभाल व प्रबंधन के लिए एक सहयोगी नेटवर्क बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया जो साइंस, स्ट्रैटजी रणनीति और सस्टेनेबिलिटी के माध्यम से जीवन को बदलने की अवधारणा को बढ़ावा देता है। हिमाचल से संबंधित और कार्डियोमर्सन के ग्लोबल चेयरमैन डॉ. पुरी ने कहा कि यह लागत प्रभावी तरीके से गैर-इनवेसिव और सर्जिकल के माध्यम से बीमारी को रोकने, धीमा करने और परिणामों में सुधार करने का लक्ष्य हो सकता है। 2011 में स्थापित, कार्डियोमर्सन एक ग्लोबल ग्रुप है जो कॉम्प्रिहेंसिव कार्डियक केयर के लिए इंटीग्रेटेड अप्रोच को बढ़ावा देता है। डॉ. पुरी कहा कि हार्ट फेलियर का ग्लोबल बोझ तेजी से बढ़ रहा है, यह देखते हुए कि अधिकांश भारतीय रोगी एक्यूट या




पुरानी कोरोनरी धमनी रोग की शुरुआत के बाद उपचार में देरी के कारण इस्केमिक हार्ट फेल्योर के साथ आते हैं । उन्होंने बताया कि यह उपचार में देरी यंग पेशेंट डेमोग्राफिक मृत्यु दर में महत्वपूर्ण रूप से वृद्धि में योगदान करती है, जो गाइडलाइन- डाइरेक्टड मेडिकल थेरेपी के बारे में जागरूकता की कमी और सर्जिकल इंटरवेंशन में देरी से और जटिल हो जाती है। उन्होंने कई रोगियों की अंतिम चरण की हार्ट फेलियर के परिणामस्वरूप होने वाली प्रगति पर प्रकाश डाला, जो सीमित ट्रांसप्लांट सुविधाओं, लॉजिस्टिक चुनौतियों और डोनर हार्ट की दुर्लभ उपलब्धता से गंभीर रूप से बाधित हैं। इसके अलावा उन्होंने कोविड-19महामारी की शुरुआत के बाद फेफड़े के ट्रांसप्लांट की आवश्यकता में खतरनाक वृद्धि की ओर इशारा किया,

# विजय दिवस जैसे आयोजनों में वीर नारियां ही होनी चाहिए मुख्य अतिथिः अपूर्व देवगन



**समारोह**

**शहीद स्मारक में 1971 युद्ध की स्मृति में 54वां विजय दिवस समारोह आयोजित**

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** मंडी शहर के इंदिरा मार्केट स्थित शहीद स्मारक में जिला प्रशासन, सैनिक कल्याण विभाग, जिला पूर्व सैनिक लीग तथा डिफेंस वुमेन वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 1971 भारत-पाक युद्ध की ऐतिहासिक विजय की स्मृति में 54वां विजय दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अपूर्व देवगन, वीर नारियों, पूर्व सैन्य अधिकारियों, जवानों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर 1971 युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को स्मरण किया गया।

समारोह में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने 1971 भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की वीर नारियों विशन देवी पत्नी शहीद सिपाही जय सिंह, चिंता देवी पत्नी शहीद सिपाही किशन चंद, निर्मला देवी पत्नी शहीद नायक अमर सिंह, कृष्णा देवी पत्नी शहीद सिपाही नरोत्तम राम, तुलसी देवी पत्नी शहीद लांस नायक महंत राम, विमलकांत पत्नी शहीद सिपाही कृष्ण चंद तथा विमला कुमारी पत्नी शहीद सिपाही खूब राम को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि विजय दिवस जैसे आयोजनों में वीर नारियों को मुख्य अतिथि का सम्मान मिलना चाहिए, क्योंकि वास्तविक सर्वोच्च बलिदान उन्हीं परिवारों ने दिया है। इसी भावना के तहत उन्होंने स्वयं दूसरी पंक्ति में बैठकर यह संदेश दिया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में वीर नारियों को सर्वोच्च सम्मान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे केवल सहयोगी की भूमिका में हैं और आगे भी उनका स्थान इसी प्रकार रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि आज देश जिस शांति, सुरक्षा और विकास के वातावरण में आगे बढ रहा है, वह सैनिकों और उनके परिवारों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। 1971 के युद्ध में मंडी जिले के 21 जवान शहीद हुए थे।

## पुरानी मंडी में नो पार्किंग जोन को लेकर जिला दण्डाधिकारी ने जारी की प्रारूप अधिसूचना

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** जिला दण्डाधिकारी मंडी अपूर्व देवगन द्वारा पुरानी मंडी क्षेत्र में त्रिलोकीनाथ मंदिर के समीप स्थित वर्तमान पार्किंग स्थल से शीला माता मंदिर तक के मार्ग को नो पार्किंग जोन घोषित करने के संबंध में प्रारूप अधिसूचना जारी की गई है। यह मार्ग लगभग 82.80 मीटर लंबा है और अत्यधिक तंग होने के कारण यहां वाहनों की पार्किंग से यातायात में बार-बार बाधा उत्पन्न हो रही थी।

जिला दण्डाधिकारी ने बताया कि यह निर्णय आम जनता की सुविधा, सुरक्षा तथा वाहनों की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

# 2023 से अब तक केन्द्र सरकार ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों की के लिए जारी की 3000 करोड़ की राशि : आदित्य विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** 2023 से अब तक केन्द्र सरकार ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों की के लिए जारी की 3000 करोड़ की राशि की है यह जानकारी प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य आदित्य विक्रम सिंह ने कुल्लू में एक पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने ने बताया कि शिमला में भाजपा पार्टी कार्यालय के शीलान्यास अवसर पर केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इस राशि का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार का आभारी होना चाहिए परन्तु वोह हर रोज केंद्र ने मदद न मिलने का रोना रो रही है। उन्होंने ने प्रेस वार्ता में आज कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी लगघाटी की चार सड़को का मुद्दा प्रमुखता से उठाते




हुए कहा कि आज भी इन सड़कों पर बसें नहीं चल रही हैं। उन्होंने ने सरकार से आग्रह किया कि इस सड़कों पर जो कार्य बचा है वोह शीघ्र पूर्ण करके इन सड़कों को बस के चलने योग्य बनाया जाए। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की पीज सड़क के लिए उन्होंने स्थानीय विधायक से आग्रह किया कि लोगों की जो समस्याएं हैं उन्हें तुरंत प्रभाव से दूर करें ताकि इस सड़क पर भी बस सुविधा शुरू हो।भूत नाथ पुल को ले कर आदित्य विक्रम ने बताया कि स्थानीय विधायक ने तो पूर्व सरकार में इस पुल की अर्थी तक निकली थी और अपनी सरकार आते ही इस पुल को फिर से बड़े वाहनों के लिए बहाल करने की बात कही थी,

# उपायुक्त की अध्यक्षता में अंतर-विभागीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** बहुउद्देशीय भवन कुल्लू में अंतर-विभागीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में संचालित विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर उनके प्रभावी, समयबद्ध एवं समन्वित क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा। उपायुक्त ने बैठक के दौरान विभागवार सभी विकास योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों से योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति तथा जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की। समीक्षा के उपरांत उन्होंने योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा तथा योजनाओं का लाभ लक्षित वर्ग तक शीघ्रता से पहुँचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि निर्धारित लक्ष्यों की समय पर प्राप्ति के लिए विभागों के बीच आपसी समन्वय,

## सोनल ठाकुर ने राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री में जीता गोल्ड

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** मंडी जिला की पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा के होनहार खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट खेल के चलते स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। स्कूल की खिलाड़ी छात्रा सोनल ठाकुर ने पड्डल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री मे भाग लेते हुए अंडर-16 आयु वर्ग में गोल्ड मैडल हासिल किया कर स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया । सोनल ठाकुर जोगिंदरनगर उपमंडल की रोपापधर पंचायत के सेलण गाँव की है। सोनल ठाकुर ने पिछले साल ने अंडर-14 आयु वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी 600 मीटर और 400 मीटर दौड़ में भग लेते हुए गोल्ड मैडल हासिल किए थे और स्टेट बेस्ट एथलीट गर्ल्स सैक्शन में रही थी और राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का प्रतिनिधत्व किया था। इसके साथ ही सोनल ने अंडर-14 गर्ल्स खो- खो में भी नेशनल लेवल में भाग ले चुकी है। उनकी इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य वीरेन्द्र पाल सिंह , डीपीई संतोष ठाकुर, पीईटी धर्म सिंह, राजेंद्र सिंह, आदि।

# नया शाखा डाकघर क्षेत्र के ग्रामीण विकास को गति प्रदान करेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुलभ एवं विश्वसनीय डाक सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत कुठेड़ करसोग में एक नए शाखा डाकघर कुठेड़, लेखा कार्यालय केलोधार उप-डाकघर का विधिवत उ?द्घाटन किया गया। इस शाखा डाकघर के प्रारंभ होने से स्थानीय नागरिकों को डाक सेवाओं के साथ-साथ बचत योजनाएँ, मनीऑर्डर, पार्सल सेवा एवं अन्य डाक संबंधी सुविधाएँ एक ही स्थान पर सहज रूप से उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह में संजय कुमार अधीक्षक डाकघर मण्डी मण्डल मण्डी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा बोधराज निरीक्षक डाक सुन्दरनगर, कु0 पदमा ठाकुर प्रधान ग्राम पंचायत कुठेड़ और पृथ्वी सिंह, प्रधानाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । अपने संबोधन में मुख्यातिथि कहा कि नया शाखा डाकघर क्षेत्र के ग्रामीण विकास को गति प्रदान करेगा तथा आम जनता को समयबद्ध, पारदर्शी एवं भरोसेमंद सेवाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नए शाखा डाकघर के खुलने से क्षेत्र के निवासियों को अब दूरस्थ डाकघरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे समय एवं संसाधनों की बचत होगी और डाक सेवाओं तक उनकी पहुँच और अधिक सुदृढ़ होगी।

# सोलन मशरूम सेंटर में गुच्छी पर शोध, सेमी-कंट्रोल्ड तापमान में हो रहे प्रयोग, मीठी सुगंध बनाती है सबसे अलग

**टीम एक्शन इंडिया**
**विशाल वर्मा**



**कसौली।** सोलन स्थित मशरूम अनुसंधान केंद्र में डॉ अनिल कुमार द्वारा बहुमूल्य गुच्छी (मोरल मशरूम) पर किए जा रहे शोध से इसके व्यवसाय की नई उम्मीदें जगी हैं। इस शोध के अंतर्गत गुच्छी को सेमी-कंट्रोल्ड तापमान में उगाने पर विशेष प्रयोग किए जा रहे हैं।डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि अब तक गुच्छी प्राकृतिक परिस्थितियों में ही पाई जाती थी, लेकिन मशरूम सेंटर में तापमान, नमी और वातावरण को आंशिक रूप से नियंत्रित कर इसके संवर्धन की दिशा में अहम प्रगति हुई है। इससे भविष्य में गुच्छी का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिल सकती है। डॉ अनिल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गुच्छी की उत्पत्ति मूल रूप से चीन में हुई थी।जिसके बाद धीरे धीरे यह अन्य देशों जैसे अमेरिका,यूरोप तथा एशिया में भी फैल गई।यह मूलत: पीले,काले और नीले तीन वर्गो में पाई जाती है।भारत मे पीली प्रजाति की गुच्छी अत्यधिक पाई जाती है। जबकि बाज़ार में भाव की बात की जाए तो काले और नीले रंग की गुच्छी की कीमत पीली की अपेक्षा अधिक है।(30000-50000 प्रति किलोग्राम) समूचे विश्व मे गुच्छी(मोरल)की लगभग अस्सी प्रजातियां पाई जाती है।जिसमे से अकेले चालीस चीन में विधमान है।जबकि भारत मे इस दुर्लभ फंगस की मात्र चौदह किस्मे पाई जाती है। इसकी मीठी सुगंध इसे अन्य खाने वाली सभी चीजों से अलग बनाती है।जिसकी वजह से विदेशो से आने वाले मेहमानों को भी डिप्लोमेटिक डिनर में गुच्छी परोसी जाती है। डॉ अनिल के अनुसार गुच्छी पर शोध 1983 से चला आ रहा था।लेकिन उचित परिणाम न मिलने के कारण इसे बीसवीं सदी की शुरुआत में बंद कर दिया गया था।लेकिन किसानों की मांग पर 2010 में इस पर दोबारा शोध शुरू किया गया। और अथक प्रयास के बाद 2019 में लैब में एक कप में गुच्छी का फल उत्पादित हुआ।इसके बाद विशेषज्ञों ने पीछे मुड़ कर नही देखा और आज सेमी-कंट्रोल्ड तापमान पर कृत्रिम टनल में गुच्छी का उत्पादन किया जा रहा है।इसका उत्पादन अभी तक गर्मी के मौसम में ही हो रहा है। तथा पर स्क्वायर मीटर में लगभग 1 किलोग्राम तक उत्पादन हुआ है। आगामी दो वर्ष इसके प्रयोग नियंत्रण तापमान पर भी किये जायेंगे। इस वर्ष नौ किसानों के साथ एमओयू करार हुआ है ।जिसके तहत उन्हें बीज(स्पान)उपलब्ध करवाया गया है ।तथा जरूरी दिशा निर्देश के साथ उत्पादन शुरू किया गया है।यदि इसमे कामयाबी मिलती है तो आने वाले समय मे यह आय का प्रमुख स्त्रोत बन सकता है।

## वीर बलिदानी मिट्टी की स्थापना के साथ शाहिद स्मारक परिसर चंगर में मनाया गया 55वाँ विजय दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश द्वारा वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय की स्मृति में 55वें विजय दिवस के अवसर पर चंगर स्थित वीर बलिदानी स्मारक परिसर में एक अत्यंत गरिमामय एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर ज्योत्सना सुमंत डढ़वाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं जबकि एसडीएम बिलासपुर सदर राजदीप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने एक स्वर में शहीदों के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को नमन करते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिलाए जहां हर वर्ग के लोगों ने शहीदों की स्मृति को नमन किया।

# वेटरन्स इंडिया ने नौणी विवि को 'प्राइड ऑफ नेशन अवॉर्ड' से किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान की भावना को आगे बढ़ाते हुए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी को वेटरन्स इंडिया प्राइड ऑफ नेशन अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए विश्वविद्यालय की अनुशंसा एक पांच सदस्यीय पैनल जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित सदस्य शामिल है द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ रहे। यह पुरस्कार देशभक्ति, नेतृत्व, सामुदायिक सेवा, युवा सशक्तिकरण तथा मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने वाली प्रभावशाली पहलों के लिए प्रदान किया जाता है। नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में विश्वविद्यालय की ओर से यह




सम्मान विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. इंदर देव ने प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने इस सम्मान के लिए जूरी और वेटरन्स इंडिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्र के पूर्व सैनिकों के सम्मान और रक्षा समुदाय के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय समय-समय पर रक्षा कर्मियों के सम्मान में प्रेरणादायक व्याख्यान एवं कार्यक्रम आयोजित करता है, जिससे छात्रों को प्रेरणा मिलती है। साथ ही, सशस्त्र बलों में सेवाएं दे चुके विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों को भी छात्रों को रक्षा सेवाओं में करियर अपनाने के लिए प्रेरित करने में शामिल किया जा रहा है। इस अवसर पर वेटरन्स इंडिया के राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही,

# पल्स पोलियों प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित 21 से 23 दिसंबर होने बारे बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

नाहन। जिला सिरमौर में 21 से 23 दिसंबर , 2025 तक आयोजित होने वाले पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चिकित्सा खंड धगेडा की खंड स्तरीय कार्य बल की बैठक आज उपमंडल अधिकारी नाहन राजीव सांख्यान की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय सभागार नाहन में आयोजित हुई।

उपमंडलाधिकारी ने पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम सम्बंधी की जाने वाली पूर्व तैयारियों के बारे में विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने



शिक्षा विभाग को कहा कि पल्स पोलियो अभियान बारे स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान जानकारी प्रदान की जाए ताकि बच्चों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। उन्होंने उद्योग विभाग को जिला के उद्योगों में कार्य कर रहे मजदूरों के 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने के लिए जागरूक करने के लिए कहा ताकि कोई भी शिशु पल्स पोलियो की खुराक से वंचित न रह सके। उन्होंने पंचायतो तथा आंगनवाडी केंद्रों के माध्यम से संबंधित विभागों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

## जिला सिरमौर में होगा फसलों का डिजिटल सर्वे

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** सिरमौर जिला में कृषि विभाग द्वारा फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण किया जाएगा जिसके अंतर्गत फसल बुवाई की जानकारी डिजिटल तरीके से एकत्रित की जाएगी। उप निदेशक कृषि डॉ. राजकुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि फसलों के डिजिटल सर्वेक्षण के लिए किसानों का पंजीकरण होना अनिवार्य है इसलिए जिला के सभी किसान लोक मित्र केंद्रों में जाकर अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें ताकि फसलों का सर्वेक्षण सुगमता से हो सके।

उन्होंने बताया कि फसलों के डिजिटल सर्वेक्षण से किसानों की फसलों का वास्तविक और सटीक डाटा सरकार के पास जाएगा और कृषि के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों का लाभ आसानी से किसानों तक पहुंच सकेगा।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान कृषि विभाग के कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं।

## 3835 लाभार्थियो के बचत खाते मे विभिन्न सुविधाओं के 14.17 करोड़ रूपये की सहायता राशि डालने से इंटक प्रसन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा जिला बिलासपुर के 31 लाभार्थियों और उनके बच्चों की शादी की सहायता के 16,32,000 रूपये, 500 के लगभग लाभार्थियो के बच्चों की शिक्षण छात्रवृति के 95 लाख, 50 हजार 200 रूपये, 2 कामगारों की मृत्यु मुआवजा राशि के 8 लाख 40 हजार रूपये की राशि डाली गई है। जिससे गरीब मजदूरों के चेहरे पर खुशी लौट आई है। प्रैस को जारी ब्यान में इंटक सचिव प्रेम लाल भाटिया ने कहा है कि इंटक से सम्बन्धित हिमाचल बिल्डिंग-कन्सट्रक्सन एण्ड मनरेगा मजूदर युनियन ने सुखविन्द्र सिंह ठाकुर मुख्यमंत्री, राजेश धर्माणी तकनीकी शिक्षा मंत्री और नरदेव कंवर चेयरमैन श्रम कल्याण बोर्ड का तहे दिल से धन्यवाद किया है। जिन्होंने सूबे के 3835 लाभार्थियों को 14.17 करोड़ की वितीय सहायता प्रदान की और कांग्रेस पार्टी की सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेकर गरीब मजदूरों को राहत पंहुचाई है। भाटिया ने कहा है कि इंटक कांग्रेस पार्टी का प्रमुख अग्रणी संगठन है। जो दिन रात तन, मन और धन से रात दिन कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करती है। इंटक गांव गांव में जाकर कॉंग्रेस पार्टी की विचारधारा का प्रचार कर करती है । इंटक गरीब मजदूरों के लिए काम करती है और प्रत्येक पंचायत में जागरूक्ता कैम्प लगाकर सरकार की योजनाओं को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा कर्मचारियों को ओपीएस प्रदान करना, निर्माण मजदूरो के बचत खाते में विभिन्न सुविधाओं के करोड़ो रूपये डालना, किसानों के लिए दूध के रेट बढ़ाना, दैनिक भोगी कर्मचारियों को रैगलुर करना, महिलाओं को 1500 रूपये देना आदि कार्य करना आदि सरहानीय कदम है। इतिहास में पहली बार होगा कि 2027 में कांग्रेस पार्टी की सरकार शिद्दत से रिपीट करेगी और सुखविन्द्र सिंह ठाकुर प्रदेश की दूसरी बार कमान संभालेंगे। वहीं जिला बिलासपुर इंटक अध्यक्ष रूप सिंह ठाकुर, उप प्रधान धर्म सिंह सहगल, चैन सिंह सुमन, सोहन लाल, लक्ष्मी दत, कृष्ण चन्द, बिनोद कुमार, किशोरी लाल, महासचिव जगतार सिंह बैंस, रमेश कुमार, आदि

## संक्षिप्त खबरें

### जुखाला कालेज में संपन्न हुए एनएसएस शिविर में नीरज और किरण बने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री अमन शर्माए सहायक आचार्य द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महाविद्यालय की छात्रा प्रिया ठाकुर ने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत गतिविधि रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने स्वयंसेवियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे एक जिम्मेदार नागरिक बनें और शिविर के दौरान अर्जित अनुभवों, अनुशासन एवं संवेदनशीलता को केवल अपने तक सीमित न रखते हुए समाज तक पहुंचाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा कठिन परिश्रम के माध्यम से जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

## भगोड़ा आरोपी सोलन बस स्टैंड से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**विशाल**

**कसौली।** पुलिस थाना धर्मपुर की टीम ने भगोड़े अपराधियों की तलाश के दौरान चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी वीरेंद्र कुमार उर्फ बाबू (25) पुत्र श्री लेखराम, निवासी गांव गुसाण, डाकघर गड़खल, तहसील कसौली, जिला सोलन को सोलन बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने 26 मार्च 2025 को गांव नौण में अन्य आरोपियों के साथ मिलकर एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में थाना धर्मपुर में अभियोग दर्ज है। आरोपी जमानत पर रिहा होने के बाद न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर माननीय न्यायालय कसौली ने 09 जून 2025 को उसे भगोड़ा घोषित किया था।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आज 16 दिसंबर 2025 को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## नौणी विवि की शीतोष्ण फलदार पौधों की बिक्री में दूसरे दिन बिके 9979 पौधे



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी और विवि के कृषि विज्ञान केंद्रों और अनुसंधान स्टेशनों में बागवानों के लिए फलदार पौधे की वार्षिक बिक्री मंगलवार को भी जारी रही। आज पौधों की बिक्री का दूसरा दिन था और काफी संख्या में किसानों ने फलों के पौधे खरीदे। इस वर्ष 15 दिसम्बर से पहले आओ पहले पाओ के आधार पर फल रोपण सामग्री की वार्षिक बिक्री मुख्य परिसर में तीन नर्सरियों, कंडाघाट, रोहड़ू में कृषि विज्ञान केंद्र और मशोबरा, बजौरा और शारबो (किन्नौर) में अनुसंधान केंद्रों से विभिन्न फलों की किस्मों की बिक्री जारी रही। दूसरे दिन 237 किसानों ने 9979 पौधे विभिन्न नर्सरियों से खरीदे। अब तक दो दिनों में 763 किसान 29825 पौधे खरीद चुके हैं। इस वर्ष, विश्वविद्यालय और क्षेत्रीय स्टेशनों द्वारा 1.80 लाख से अधिक पौधे तैयार किए हैं। इस बिक्री के दौरान किसानों को सेब, कीवी, अनार, खुमानी, आड़ू, नेक्टराइन, चेरी, अखरोट, नाशपाती, प्लम आदि की विभिन्न किस्में उपलब्ध कारवाई जा रही है।

## कोटीपुरा में मनाया विजय दिवस, देश के रणबांकुरों को किया याद

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

बिलासपुर। मंगलवार को 16 दिसंबर 1971 भारत पाक युद्ध में देश प्रदेश के शहीदों को शहीद नंतराम वैलफेयर मेला व दंगल समिति कोठीपुरा द्वारा शहीदों को याद किया गया। इस दौरान पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली भी दी गई। प्रैस को जारी बयान में समिति के अध्यक्ष वैटरन बालक राम शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम मे चीफ गैस्ट वैटरन वारंट ऑफिसर भंडारी राम ठाकुर को तिरंगा वैज व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जबकि वीर नारियों को तिरंगा वैज व शाल और कंबल से सम्मानित किया। प्रदेशाध्यक्ष वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा को शहीद नंतराम की धर्म पत्नी वीर नारी मीरा देवी व बेटे संजीव कुमार परिवार सहित और स्वतंत्रता सेनानी वीर नारी प्रेमी देवी शास्त्री को तिरंगा वैज स्मृति चिन्ह व कंबल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदस्य अध्यक्ष कैप्टन बालक राम शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान प्रकाश चंद चैहान, उपप्रधान प्रकाश चंद शर्मा, मुख्य सलाहकार रोशन लाल ठाकुर, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार, सचिव महेंद्र नाथ, वीर नारी मीरा देवी, सलाहकार अशोक कुमार, धीरेंद्र पाल, हंसराज, रतन लाल ठाकुर, सुबेदार रतन लाल सहित परिवहन समिति ऋषी मार्कंडेय के अध्यक्ष वैटरन कैप्टन सुरेंद्र कुमार राणा, सुबेदार मेजर प्यारे लाल, सुबेदार मेजर तारा चंद, पंचायत प्रधान नंदलाल ठाकुर, अशोक सैणी, चमेल सिंह, वीर नारी सुंकी देवी, वीर नारी रतनी राजपूत, वीर नारी रतनी राणे, चंदा कली, आदि।

## बरमाणा क्षेत्र में चिट्टा माफिया की सक्रियता से लोग भयभीत, बच्चे आ रहे हैं चपेट में, एसपी से लगाई सख्ती से निपटने की गुहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

बिलासपुर। प्रदेश सरकार द्वारा चिट्टा माफिया को जड़ से उखाड़ने और नशा तस्करों की संपत्तियां तक सील करने के दावों के बावजूद बरमाना, लघट, पंजगाईं और बलोह क्षेत्र में चिट्टा माफिया खुलेआम कानून को ठेंगा दिखा रहा है। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि अब स्कूली बच्चे और युवा भी इस घातक नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। बरमाना पंचायत के गंगा सिंह ठाकुर, प्रेमलाल, रामपाल, राजेन्द्र कुमार, रामपाल ठाकुर, सन्नी ठाकुर तथा पंजगाईं पंचायत से प्रधान हेमराज सिमर, उपप्रधान रविकांत शर्मा सहित अन्य स्थानीय लोगों ने इस मसले पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि चिट्टा समाज के लिए एक गंभीर सामाजिक संकट बन चुका है। नशे की इस लत के चलते युवाओं के व्यवहार और गतिविधियों में अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिल रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आए दिन ओवरडोज के कारण परिवार अपने बच्चों को खो रहे हैं और उन्हें अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित नजर नहीं आ रहा। चिट्टा माफिया सरेआम नशा बेच रहे हैं, लेकिन पुलिस और प्रशासन इस पर प्रभावी नियंत्रण करने में विफल साबित हो रहा है। बरमाना निवासी गंगा सिंह ठाकुर सहित अन्य लोगों का कहना है कि कई बार पकड़े जाने के बावजूद आरोपी जमानत पर छूट जाते हैंए जिससे न तो उन्हें कानून का डर है और न ही समाज का कोई भय रहा है, स्थानीय लोगो द्वारा बरमाना में सक्रिय इन चिट्टा माफिया के खिलाफ शिकायत करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार हाल ही में तीन.चार सक्रिय चिट्टा माफिया की गतिविधियों ने क्षेत्र में भारी तबाही मचा रखी है। नशे की हालत में युवाओं द्वारा की जा रही अनियंत्रित हरकतों से कानून.व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं और आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ती दिख रही है। चिंताजनक विषय यह भी है कि लघट क्षेत्र में बाहरी तत्वों की आवाजाही बढ़ी है और संगठित तरीके से नशे का कारोबार फल फूल रहा है। चिट्टा अब व्यक्तिगत समस्या न रहकर संगठित अपराध का रूप ले चुका है और गांव की महिलाएं अपने बच्चों को इन माफिया से बचाने के लिए पहरेदारी कर रही है। क्षेत्रवासियों और समाजसेवियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चिट्टा तस्करों और माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा कम मात्रा में नशा पकड़े जाने पर भी जमानत न दी जाए।

# संगड़ाह के सुरेश शर्मा बने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**



**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर ज़िला के उपमंडल मुख्यालय संगड़ाह के नज़दीकी गाँव डाहर के मूल निवासी, सुरेश शर्मा जिन्हें गुड्डू के नाम से भी जाना जाता है, को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में संयुक्त निदेशक के उच्च पद पर पदोन्नत किया गया है। उनकी इस पदोन्नति से न केवल उनके गृह क्षेत्र संगड़ाह और डाहर गाँव, बल्कि पूरे ज़िले में उत्साह और ख़ुशी की लहर है। स्थानीय लोग उन्हें सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से बधाई दे रहे हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं। सुरेश शर्मा का सरकारी सेवाओं में एक लम्बा और सफल कार्यकाल रहा है। इस पदोन्नति से पहले, उन्होंने प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में ज़िला कल्याण अधिकारी और उपनिदेशक जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है। अपने शुरुआती करियर में, उन्होंने संगड़ाह में तहसील कल्याण अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) के रूप में भी सेवाएँ प्रदान की हैं। उनके पास सामाजिक कल्याण कार्यों का गहरा अनुभव है।सुरेश शर्मा के पिता, जगत राम शर्मा, भी सरकारी सेवा में रहे हैं और उन्होंने नायब तहसीलदार के पद से सेवानिवृत्ति प्राप्त की है। पदभार संभालने के बाद सुरेश कुमार शर्मा ने अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए कहा कि, उनकी पहली और सबसे बड़ी प्राथमिकता सरकार और विभाग की सभी कल्याणकारी योजनाओं को बिना किसी देरी के, सही समय पर, योग्य लाभार्थियों तक पहुँचाना होगी। उन्होंने ज़ोर दिया कि वह ज़मीनी स्तर पर लोगों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संगड़ाह क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि उनके क्षेत्र का एक व्यक्ति प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में इतने उच्च पद पर अपनी सेवाएँ देगा।

## ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति ने किया संघर्ष का खाका तैयार, फरवरी में फूंकेंगे संघर्ष का बिगुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति की बैठक गाह.घोड़ी में इसके उपाध्यक्ष बलदेव ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्रामीण विस्थापितों की समस्याओं पर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि ग्रामीण विस्थापित 25 फरवरी को एक रैली आयोजित करेंगे और अपना मांग पत्र मुख्यमंत्री को प्रेषित करेंगे। यदि विस्थापितों की दीर्घकालिक समस्याओं का समाधान इसके बाद भी नहीं होता है, तो भविष्य की रणनीति तय की जाएगी और एक निर्णायक संघर्ष किया जाएगा। बलदेव ठाकुर ने कहा कि 65 वर्ष बीत जाने के बावजूद विस्थापितों को अब तक भूखंड नहीं मिले हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि उस समय अशिक्षित होने के कारण कई विस्थापित व्यक्तियों ने कहीं और अपने घर बना लिए जबकि उन्हें कहीं और भूमि आवंटित की गई थी। इसके परिणामस्वरूप संबंधित विस्थापित व्यक्ति फिर से विस्थापित होने के खतरे में हैं। उन्होंने मांग की है कि भाखड़ा विस्थापित बहुल क्षेत्रों का मिनी बंदोबस्त करवाकर उनके कब्जे वाली भूमि का मालिकाना हक प्रदान किया जाए। विस्थापितों के काटे गए बिजली व पानी के कनैक्शन बहाल किए जाएं, झील से सिंचाई एवं पेयजल की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध करवाई जाएए विस्थापितों व प्रभावितों के वारिसों को बीबीएमबी में नौकरी का प्रावधान किया जाए, प्रदेश सरकार को रायल्टी के रूप में मिलने वाले 7.19 प्रतिशत पैसे का 25 प्रतिशत भाखड़ा विस्थापितों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर खर्च किया जाए, जिन विस्थापितों को आज तक प्लाट नहीं मिले हैं, उन्हें प्लॉट दिए जाएं, गोविंद सागर झील पर ज्योरीपतन, बुखर.कोसरियां, बैरी.दड़ोलां व डेहण.नारल में पुल बनाए जाएं, जिन विस्थापितों को भूमि नहीं दी गई है, उन्हें भूमि उपलब्ध करवाई जाए, मछुआरों के हित में कल्याणकारी योजनाएं बनाने के साथ ही बिलासपुर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए

## कल्पा उपमंडल की रोघी पंचायत में संयुक्त जागरूकता शिविर आयोजित

किन्नौर। किन्नौर जिला के कल्पा उपमंडल की ग्राम पंचायत रोघी के पंचायत घर में एक दिवसीय संयुक्त जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें बागवानी, कृषि, पशुपालन, उद्योग, महिला एवं बाल विकास, अनुसूचित जाति/जनजाति वित्त निगम व आतमा परियोजना के अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को वर्तमान कांग्रेस सरकार की जन हितैषी योजनाओं की जानकारी प्रदान की तथा सीधे संवाद के माध्यम से उनके संशय दूर किए। बागवानी-कृषि-आतमा परियोजना के विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती, वित्तीय अनुदान सहायता, मृदा परीक्षण, कीट प्रबंधन, और सेब के बागीचों में प्रूनिंग की बारीकियों तथा स्प्रे शेड्यूल के संदर्भ में जानकारी दी ताकि वर्तमान प्रदेश सरकार की व्यवस्था परिवर्तन के दौर में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके और जनजातीय जिला किन्नौर में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ौतरी दर्ज हो सके। आतमा परियोजना निदेशक डॉ. रमेश लाल ने बताया कि समय समय पर किसानों को नवीनतम तकनीकों से अवगत करवाया जा रहा है ताकि क्षमता निर्माण से ग्रामीण आर्थिकी को संबल मिल सके।

## कसारु में वित्तिय जागरुकता शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक समिति शाखा कल्लरी द्वारा मंगलवार को वित्तिय जागरूकता शिविर का आयोजन गांव कसारू में किया गया। शिविर में बैंक द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर में बैंक प्रबंधक दिनेश चोपड़ा ने बताया कि लोग विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ बैंकों के साथ जुड़कर उठा सकते हैं। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पैंशन योजना और साथ ही बैंक द्वारा संचालित योजनाएं जैसे महिला सशक्तिकरण योजना, बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सपनों का संचय योजना और स्वयं सहायता समूहों के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने आदि के बारे में बताया। इस दौरान मैनेजर दिनेश चोपड़ा ने लोगों को मोबाईल फोन के द्वारा होने वाली धोखाधड़ियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बैंक कभी अपने उपभोक्ता से बैंक खाता संबंधी जानकारी नहीं मांगता है, इसलिए लोगों को अपने खाता संबंधी जानकारी किसी से भी सांझा नहीं करनी चाहिए।


**H.P. FOREST DEPARTMENT TENDER**
**SUKET FOREST DIVISION, SUNDERNAGAR**
**e-PROCUREMENT NOTICE**

**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

**The Divisional Forest Officer, Suket at Sundernagar** on behalf of Governor of H.P. invite the online bids **on item rates**, in electronic tendering system, from the eligible class of contractors registered with **HPPWD/ IPH** for the work as detailed in the table.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost as per HPFSR-2012-13 & 183.33% increase | Starting date for downloading Bid | Earnest Money in the shape of FDR (2%) | Deadline for submission of Bid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Maintenance of road from main road to Modern Galukhar Nry in Galukhar beat, Pandar Block, Jhungi Range under Suket Forest Division, Sundernagar during 2025-26. | 13,88,451/- | 13.12.2025 11AM | Rs.27,770/- | 22.12.2025 5PM |

The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in.

*On behalf of Governor of Himachal Pradesh*

Divisional Forest Officer
Suket, Forest Division, Sundernagar
Telephone No. 01907267228
e-mail: dfosuket123@gmail.com

RO No. 5054/2025-2026

Government Himachal Pradesh
Jal Shakti Vibhag
"Notice Inviting e-TENDERS"

E. E., JalShakti Division Haroli
E-mail :eejsvharoli@gmail.com

The Executive Engineer, Jal Shakti Division Haroli invites online tender on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following works through online process:-

| Sr. No. | Name of work. | Estimated Cost. | Earnest Money. | Cost of Tender | Time | Class in which contr/ firm eligible |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Improvement of water supply scheme Laluwal & WSS Polian beet and WSS Bat kalan in Haroli Constituency in Disit Una HP (SH-Laying , jointing and testing of GMS pipe Main Line to New OHSR in Choti Kutia dismantle Cement Concrete & Re-construction in distribution system) Under JS Sub Division Tahliwal (section Bathu) RD 0 to 1002 mtr | Rs. 4,74,706/- | Rs. 9494/- | Rs.5,00/- | One month. | Class "C" & "D" |

1. Last date of physical / online submission of Earnest Money deposit and cost of tender documents etc on 24-12-2025upto 10:00 AM
2. Last date of e-tendering upto24-12-2025 at 10:00 AM and the same will be opened on the day on 24-12-2025 at 11:30 AM. The tender forms and other detailed conditions can be downloaded from the http:// hptenders.gov.in

HIM SUCHNA AND JAN SAMPARK-

Executive Engineer,
JalShakti Division Haroli

RO No. 5087/2025-2026

## संपादकीय

# सनातन का विरोध ही सेक्युलर राजनीति है ?

भारत विभाजन के साथ मिली स्वाधीनता से कोई सबक न लेते हुए भारत की राजनीति आज तक तुष्टिकरण के आधार पर चलती रही है। मुस्लिम वोटबैंक को प्रसन्न करने के लिए बिहार का मुख्यमंत्री रहते तथाकथित समाजवादी लालू प्रसाद यादव ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को जेल में डाल दिया, उससे एक कदम आगे बढ़ते हुए मुलायम सिंह ने निहत्थे रामभक्तों को गोलियों से भुनवा दिया, कांग्रेस साम्प्रदायिक हिंसा बिल ले आई। वो तो भला हो उस समय विपक्ष में होने के बाद भी भाजपा ने इसे पारित होने से बचा लिया। मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण ही पाकिस्तान को सटीक उत्तर देने की जगह अमन का तमाशा किया जाता रहा। मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए भारत की सनातन संस्कृति को अनेकानेक प्रकार से चोट पहुंचाई जाती रही। वर्ष 2014 में केन्द्रीय नेतृत्व प्रदान करते हुए नरेन्द्र मोदी ने तुष्टिकरण के कारण सनातन संस्कृति को हुई क्षति की भरपाई के प्रयास शुरू किए। ताजा बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद एक बार फिर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दल अधिक कटु होकर सनातन हिंदू धर्म पर प्रहार कर रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनकी दो दिवसीय भारत यात्रा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीमद्भगवद्गीता का रूसी अनुवाद भेंट किया। इसको देखकर कांग्रेस और वामपंथी दलों ने न केवल प्रधानमंत्री वरन श्रीमद्भगवद्गीता के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग करते हुए इसका विरोध किया। कांग्रेसियों ने गीता के लिए मूल शब्द का प्रयोग किया जो एक अक्षम्य अपराध है। वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव हैं, अतः इन दो प्रान्तों में सनातन प्रतीकों तथा हिन्दू समाज को अपमानित करने का कार्य भी सबसे अधिक और सबसे तेजी से हो रहा है। पश्चिम बंगाल में वहां के तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने बाबर के नाम की मस्जिद की आधारशिला रखी और प्रशासन चुपचाप खड़ा रहा क्योंकि इस हरकत को मुख्यमंत्री का मौन समर्थन था। उसकी देखा-देखी बिहार और तेलंगाना में भी कुछ कट्टरपंथी मौलानाओं ने बाबरी नाम की मस्जिद व स्मारक बनाने का ऐलान करके साप्रंदायिक तनाव बढ़ाने का काम आरम्भ कर दिया है। इस बाबरी भूत को वह सभी दल प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं जिनकी राजनीति मुस्लिम तुष्टिकरण से चलती है और जो संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुखिया सपरिवार शौर्य दिवस को सलीम चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ा कर हिन्दुओं को चिढ़ाते दिखे। सपा मुखिया का तुष्टिकरण में संलिप्त यह कृत्य जनता समझ रही है। सपा मुखिया समय-समय पर ऐसे बयान देते रहते हैं जिससे सनातन हिन्दू समाज आहत हो। महाकुंभ से लेकर लेकर अयोध्या के दीपोत्सव तक उन्होंने हिन्दू परम्पराओं का उपहास करते हुए उन्हें ढोंग बताया।

# इंसानियत शर्मसार:आस्ट्रेलिया में बेगुनाहों का कत्लेआम

**मनोज कुमार अग्रवाल**

> यह स्थिति भविष्य में अप्रिय मोड़ ले सकती है। आस्ट्रेलिया समेत तमाम यूरोपीय देशों में जिस तरह एक कट्टरपंथी समुदाय के लोगों द्वारा इन देशों की उदारवादी नीतियों का फायदा उठाकर पैर जमाने की सुनियोजित साजिश पर काम किया जा रहा है वह इन तमाम देशों पर भविष्य में खतरे की घंटी बजा रही है पिछले दिनों फ्रांस ने भी कट्टरपंथी आगजनी को झेला है

**भारत** के पहलगाम की तर्ज पर आस्ट्रेलिया में हुए भयावह आतंकी हमले से एक बार फिर दुनिया सन्न रह गई है। सिडनी के बोंडी बीच पर रविवार को यहूदी पर्व हनुक्का के दौरान दो आतंकियों ने अंधाधुंध गोलियां बरसाई, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक 10 साल की बच्ची भी शामिल है, वहीं करीब 50 लोग घायल हुए हैं। दोनों आतंकी जिस तरह खुशियां मनाते लोगों पर बेरहमी से गोलियां चलाने लगे, उसने पहलगाम आतंकी हमले की खौफनाक याद दिला दी। बॉडी बीच पर दोनों आतंकियों के गोलियां बरसाते वीडियो सामने आए हैं। जिस अंदाज से उन्होंने इस हमले को अंजाम दिया है, उससे अनुमान लगता है कि उनके पास न केवल अत्याधुनिक हथियार थे, बल्कि उन्हें चलाने का बाकायदा प्रशिक्षण भी उन्हें मिला है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गोलीबारी के बाद पास की एक सड़क पर एक कार से कई 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' यानि विस्फोटक बरामद किए गए, यानी हमले की साजिश इससे कहीं ज्यादा तबाही फैलाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मारने की थी।

आपको बता दें कि आतंकियों का मंसूबा और अधिक खून खराबा करने का रहा होगा जो पूरा नहीं हो सका। एक आतंकी तो पुलिस की गोली से घटनास्थल पर ही मारा गया, जबकि दूसरा अभी घायल है। पुलिस के मुताबिक दोनों आतंकी बाप-बेटे थे। उनके नाम साजिद और नवीद अकरम बताए गए हैं। खबर है कि मूल रूप से ये दोनों पाकिस्तान के थे। भारत के बाद अब आस्ट्रेलिया हमले में भी पाकिस्तान का नाम आने के बाद शाहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रमुख असीम मुनीर की चुनौतियां बढ़ने वाली हैं, क्योंकि अब इस घटनाक्रम में ऑस्ट्रेलिया के साथ-साथ इजरायल भी जुड़ चुका है, यानी परोक्ष तौर पर अमेरिका भी जुड़ा ही हुआ है।

पता हो कि यह हमला यहूदियों पर हुआ है, इसलिए इजरायल की स्वाभाविकतौर पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है।

ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने इसे यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया 'आतंकवादी हमला' करार दिया है, यानी आस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी माहौल बन रहा है, इसे



सरकार ने भी मान लिया है। बता दें कि बोंडी बीच इलाका, ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े यहूदी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहां करीब 40,000 यहूदी रहते हैं। हनुक्का उत्सव के पहले दिन आयोजित इस समुद्र-तटीय कार्यक्रम में करीब 1,000 लोग मौजूद थे। यानी आतंकी जानते थे कि किस वक्त हमला करके सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सकता है।

शांति और खुशी के माहौल में त्योहार मना रहे लोगों से किसी को क्या दिक्कत हो सकती है? लेकिन नस्ल और धर्म आधारित नफरत के शैतान हमेशा इंसानियत के कत्ल से अपनी खूनी प्यास मिटाने की जुर्रत करते हैं यह हमला पहलगाम की पुनरावृत्ति मालूम पड़ रहा है इस हमले के वीडियो देखकर पहलगाम हमले की यादें ताजा हो जाती हैं। वहां भी आम लोग छुट्टियों का आनंद ले रहे थे, बोंडी बीच पर भी लोग छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे थे। पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म पूछकर गोलियां बरसाई थीं, बोंडी बीच पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं, क्योंकि पहले से पता था कि ये यहूदी हैं, जो हनुका त्योहार मनाने के लिए इकट्ठे हुए हैं। हंसी-खुशी का माहौल मातम में बदल गया। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्टों में एक हमलावर का नाम (पाकिस्तानी मूल का) नवीद अकरम बताया जा रहा है। इस बात का पहले से ही शक था। यूं तो ऑस्ट्रेलिया काफी शांत और सुरक्षित देश माना जाता है, लेकिन इसकी सरकारों ने पिछले तीन दशकों में प्रवासियों के मामले में जो उदारता दिखाई, अब उसके फल मिलने लगे हैं। इस देश को श्रम शक्ति बढ़ाने के लिए लोगों की जरूरत थी। ऑस्ट्रेलियाई सरकारों ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, बांग्लादेश, सीरिया, लीबिया जैसे देशों के नागरिकों के लिए अपने दरवाजे खोले थे। यह गलत नहीं है, लेकिन जिन लोगों को बुलाया गया, उनकी जांच-पड़ताल करनी चाहिए थी। ऑस्ट्रेलिया में कई इलाके ऐसे हैं, जहां पाकिस्तानी बड़ी तादाद में रहते हैं। अक्सर स्थानीय लोग शिकायत करते हैं कि ये हमेशा असंतुष्ट रहते हैं, ज्यादा से ज्यादा अधिकारों की मांग करते हैं, खुद नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाते हैं, गंदगी फैलाते हैं और अपनी मर्जी चलाने की कोशिश करते हैं।

स्पष्ट कर दें कि ऑस्ट्रेलिया में लोग चिंता जता चुके हैं कि देश में कट्टरपंथ बढ़ता जा रहा है और सरकार को कोई परवाह नहीं है। बोंडी बीच हमले के बाद एजेंसियां जांच में जुटी हैं। अगर इस घटना के पीछे पाकिस्तानियों का पूरा नेटवर्क निकल आए तो इस पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इस बात को समझने की जरूरत है कि पाकिस्तान में यहूदियों से बहुत ज्यादा घृणा की जाती है। वहां कट्टरपंथी उपदेशक यहूदियों के खिलाफ आग उगलते रहते हैं। ऐसा ही भारत में होता रहा है यहां भी मजहबी उपदेशक अपनी कट्टरपंथी मजहबी सोच को अशिक्षित अनुयायी लोगों के जहन को जहरीला बनाने के लिए बड़े पैमाने पर सक्रिय हैं। इससे आम लोगों की सोच प्रभावित हो रही है। जब बोंडी बीच हमले की खबरें पाकिस्तानी चैनलों के सोशल मीडिया पेजों पर प्रसारित हुई तो टिप्पणियों में कई पाकिस्तानी नागरिक खुशियां मना रहे थे। वे इसे गाजा, फिलिस्तीन, लेबनान, ईरान से जोड़कर देख रहे थे। आम लोगों की हत्याओं पर कोई व्यक्ति खुशी कैसे मना सकता है? इससे उसकी कैसी मानसिकता झलकती है? पहलगाम हमले के बाद भी पाकिस्तानी नागरिक खबरों पर ऐसी ही प्रतिक्रिया दे रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई एजेंसियों को चाहिए कि वे वास्तविकता को स्वीकार करें। देश सुरक्षित होगा तो लोकतंत्र सुरक्षित होगा, लोगों के अधिकार सुरक्षित होंगे। वे अपनी सरकार पर दबाव डालें कि कट्टरपंथ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पाकिस्तान जैसे देशों, जहां कट्टरपंथ जड़ जमा चुका है, के नागरिकों को वीजा और नागरिकता देने में बहुत सावधानी बरतें। लोगों की सोशल मीडिया गतिविधियों को गंभीरता से लें। जो व्यक्ति ऑस्ट्रेलिया में रहकर उसके कानून का सम्मान नहीं करता, संस्कृति की खिल्ली उड़ाता है, हर कहीं अपनी मर्जी चलाता है, उसे स्वदेश भेजने का इंतजाम करें। ऑस्ट्रेलिया के पास मौका है कि वह अपनी पुरानी गलतियों को सुधारे। अति-उदारवाद दिखाने की कोशिश में यूरोप के कई देशों ने मुसीबत मोल ले रखी है। अब उन्हें पछतावा हो रहा है, लेकिन वहां कानून ऐसे हैं कि सरकारें कुछ खास कर नहीं सकतीं। वोटबैंक की राजनीति भी एक बड़ी समस्या है।भारत ने भी पूर्ववर्ती कथित सेकुलरिज्म की झंडाबरदार सियासती दलों की गलत नीतियों के कारण लम्बे समय तक कट्टरपंथी आतंकवाद को झेला है काश्मीर में जिस तरह एक ही रात में कट्टरपंथी मजहबी ताकतों ने मस्जिदों से एलान कर हिन्दूओं को पलायन के लिए मजबूर किया वह इसी कथित सेकुलर उदार सोच का घातक नतीजा था। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता है।

यह स्थिति भविष्य में अप्रिय मोड़ ले सकती है। आस्ट्रेलिया समेत तमाम यूरोपीय देशों में जिस तरह एक कट्टरपंथी समुदाय के लोगों द्वारा इन देशों की उदारवादी नीतियों का फायदा उठाकर पैर जमाने की सुनियोजित साजिश पर काम किया जा रहा है वह इन तमाम देशों पर भविष्य में खतरे की घंटी बजा रही है पिछले दिनों फ्रांस ने भी कट्टरपंथी आगजनी को झेला है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# क्या समाप्त हो रहा है गांधी विचारधारा का युग?

**संजय सक्सेना**

**मोहनदास** करमचंद गांधी, जिन्हें महात्मा गांधी के नाम से जाना जाता है, आजादी की लड़ाई के प्रमुख नायक रहे हैं। लेकिन आज के भारत में उनकी छवि पर सवाल उठ रहे हैं। कई लोग मानते हैं कि उनको नापसंद करने वालों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। सोशल मीडिया पर बहसें भड़कती हैं, जहां गांधी को हिंदू विरोधी ठहराया जाता है। खासकर युवा पीढ़ी में यह भावना मजबूत हो रही है। पुरानी किताबें पढ़कर या वीडियो देखकर लोग उनके फैसलों पर सवाल खड़े करते हैं। क्या वाकई गांधी ने हिंदुओं को अनदेखा किया और मुसलमानों पर ज्यादा भरोसा जताया? देश के बंटवारे के समय क्या उन्होंने सिर्फ एक पक्ष के हित सोचे? बदलते भारत में उनके विचार क्यों पीछे छूटते नजर आ रहे हैं? यह बदलाव हाल के वर्षों में नजर आया है। सोशल मीडिया पर गांधी के खिलाफ मीम्स और पोस्ट्स की बाढ़ आ गई है। कुछ लोग उन्हें श्मुस्लिम तुष्टिकरणश का प्रतीक बताते हैं। दावा किया जाता है कि गांधी ने हिंदू भावनाओं को ठुकराया। इसका एक कारण है खत्री हत्या का बदला न लेना। 1948 में नाथूराम गोडसे ने गांधी की हत्या की। गोडसे हिंदू राष्ट्रवाद के समर्थक थे। वे मानते थे कि गांधी ने बंटवारे के दौरान हिंदुओं का नुकसान किया। हत्या के बाद कुछ हिंदू संगठनों ने आक्रोश जताया। लेकिन गांधी ने पहले कलकत्ता में भूख हड़ताल की, जिससे सांप्रदायिक दंगे थमे। फिर दिल्ली में भी ऐसा ही किया। लोगों का कहना है कि इससे हिंदुओं को न्याय न मिला। वे पूछते हैं कि पाकिस्तान जाने वाले हिंदुओं की संपत्ति लूटी गई, तो गांधी ने क्यों चुप्पी साधी? क्या यह हिंदू विरोधी रुख नहीं था? गांधी के फैसलों में कई ऐसे पल हैं, जिन्हें हिंदू विरोधी कहा जाता है। खिलाफत आंदोलन इसका बड़ा उदाहरण है। 1919-1924 के बीच गांधी ने तुर्की के खलीफा के पक्ष में मुसलमानों का साथ दिया। हिंदू-मुस्लिम एकता के नाम पर उन्होंने हिंदुओं से अपील की कि मुसलमानों का विश्वास जीतें। लेकिन जब खिलाफत विफल हुई, तो हिंदू नुकसान में रहे। मालाबार में विद्रोह हुआ, जिसमें हजारों हिंदुओं की हत्या हुई। गांधी ने इसे शिहंदू अत्याचारश कहा। लोगों का गुस्सा भड़का। वे कहते हैं कि गांधी ने मुसलमानों की हिंसा को नजरअंदाज किया। इसी तरह कोहाट दंगे में हिंदुओं को घर छोड़ने पड़े। गांधी ने मुसलमानों से संपत्ति न लूटने की अपील की, लेकिन हिंदुओं की चुप्पी पर सवाल न उठाया। देश के बंटवारे के समय गांधी का रवैया सबसे ज्यादा विवादास्पद रहा। 1947 में भारत-पाकिस्तान का विभाजन हुआ। लाखों हिंदू और सिख पाकिस्तान से विस्थापित हुए। संपत्ति लूटी गई, महिलाओं पर अत्याचार हुए। लेकिन गांधी ने नेहरू सरकार से पाकिस्तान को 55 करोड़ रुपये देने को कहा।

## विचार

# नेशनल हरेल्ड केस में गांधी परिवार को बढ़ी राहत

**अजय कुमार**

नेशनल हेराल्ड केस में मंगलवार को गांधी परिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ी राहत मिली, जहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया गया। यह मामला 2012 से चला आ रहा है, जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्तियों के कथित गबन का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। एजेएल नेशनल हेराल्ड अखबार की प्रकाशक कंपनी है, जो आजादी के आंदोलन के दौर में स्थापित हुई थी और नेहरू-गांधी परिवार से जुड़ी रही। मामले की जड़ 1938 में है, जब नेशनल हेराल्ड की स्थापना जवाहरलाल नेहरू ने की। स्वतंत्र भारत में कंपनी को दिल्ली, मुंबई, लखनऊ समेत कई जगहों पर रियायती दरों पर जमीनें मिलीं। 2008 में एजेएल पर 90 करोड़ रुपये का कर्ज था, जिसे चुकाने के लिए कांग्रेस ने यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड नामक नॉन-प्रॉफिट कंपनी बनाई। सोनिया और राहुल इसमें 38-38 प्रतिशत शेयरधारक बने, जबकि अन्य कांग्रेस नेताओं के नाम भी जुड़े। यंग इंडियन ने एजेएल को ब्याजरहित 90 करोड़ का कर्ज दिया, बदले में एजेएल ने अपनी 99 प्रतिशत शेयर यंग इंडियन को ट्रांसफर कर दिए। स्वामी ने इसे धोखाधड़ी बताया,इससे एजेएल की मूल्यवान संपत्तियां गांधी परिवार के



नियंत्रण में आ गईं, जबकि अखबार बंद हो चुका था।

2012 में स्वामी की शिकायत पर दिल्ली की मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने 2014 में ईओडब्ल्यू (इकोनॉमिक ऑफिंस विंग) को केस सौंपा। ईओडब्ल्यू ने 2015 में सोनिया, राहुल, सैम पितरोदा समेत कई पर धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोप में चार्जशीट दाखिल की। गांधी परिवार ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताया, दावा किया कि कर्ज से एजेएल को उबारने का प्रयास था, न कि संपत्ति हड़पने का। मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जहां 2018-19 में यंग इंडियन को एजेएल शेयर वापस करने का आदेश मिला, लेकिन अपीलें लंबी चलीं। इसी बीच 2018 में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का कोण जोड़ दिया कि 700 करोड़ से अधिक की संपत्तियां अपराध की आय हैं। ईडी ने सोनिया-राहुल से कई बार पूछताछ की, रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी आया। 2024-25 में केस ने नया मोड़ लिया। नवंबर 2025 में दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू ने नई एफआईआर दर्ज की, जिसमें गांधी परिवार पर सार्वजनिक संपत्तियों को व्यक्तिगत लाभ के लिए हड़पने का आरोप लगाया। ईडी ने इसी आधार पर दिसंबर में मनी लॉन्ड्रिंग की चार्जशीट दाखिल की। सुनवाई 16 दिसंबर को हुई, जहां जज विशाल गोगने ने ईडी की शिकायत खारिज करते हुए कहा कि निजी शिकायत पर मनी लॉन्ड्रिंग की कार्रवाई नहीं चलाई जा सकती। कोर्ट ने ईओडब्ल्यू की शिकायत से जुड़े रिवीजन पर

भी फैसला सुनाया, जिसमें एफआईआर कॉपी देने से इनकार किया। गांधी पक्ष ने दलील दी कि कोई संपत्ति का उपयोग या प्रदर्शन नहीं हुआ, सिर्फ कर्ज चुकाया गया। यह राहत अस्थायी लगती है, क्योंकि ईडी अपील कर सकती है। कांग्रेस ने इसे राजनीतिक साजिश का अंत बताया, जबकि भाजपा ने प्रक्रिया जारी कहा। केस ने 13 साल में गांधी परिवार की छवि को नुकसान पहुंचाया, लेकिन आज का फैसला उनके लिए कानूनी जीत है। मूल मुकदमे में ईओडब्ल्यू की चार्जशीट पर सुनवाई बरकरार है। कुल मिलाकर, नेशनल हेराल्ड का यह सफर नेहरू युग की विरासत से लेकर आज की राजनीतिक जंग तक फैला है, जहां संपत्ति, कर्ज और सत्ता का टकराव केंद्र में रहा।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)
ई–मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला– 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश–174303

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# कौन सुनेगा, किसको सुनाए कबीर सी खरी खरी

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

कबीर जब तक थे, खरा खरा बोलते थे। कागज कलम का उपयोग करते थे या नहीं, यह शोध का विषय है। कबीर के दोहे, धर्म, जाति, क्षेत्र की संकीर्णता से परे थे। उनकी वाणी पूर्वाग्रह से ग्रस्त नहीं थी। ऐसा कबीर साहित्य से स्पष्ट होता है। कबीर आज भी विचारों में जीवित है। साहित्यकार की विशेषता भी यही है, कि वह बरसों सदियों तक अपने विचारों के माध्यम से जीवित रहता है। कभी भी किसी कवि की रचना का अनुवाद करते हुए यह नहीं लिखा जाता, कि कवि कहता था, रचना का अनुवाद करते हुए लिखा जाता है कि कवि कहता है। यह कवि के वैचारिक अस्तित्व का वर्तमान में जीवित होने का प्रमाण है।

बहरहाल बात लेखन में निष्पक्षता व तटस्थता की है। पूर्वाग्रह ग्रस्त विचार स्थाई नहीं होता और न ही वह जन स्वीकृति प्राप्त कर पाता है। यूँ तो कबीर होना सरल नहीं है। कबीर होने के लिए न काहू से दोस्ती न काहू से बैर जैसी मनः स्थिति अपेक्षित होती है। कोई बुरा माने या भला, हमें जो कहना है, हम कहेंगे। ऐसे रचनाकार आजकल कम ही मिलते हैं। लगता है, कि स्वार्थ की राजनीति की तरह अभिव्यक्ति भी संकीर्णता के इर्द गिर्द ही घूमती है। साहित्य हो या सामायिक चिंतन से जुड़े आलेख, पढ़कर लगता ही नहीं, कि कबीर जिन्दा भी है। खेमेबंदी वैचारिक गुलामी और बंधुआपन की प्रतीक बन गई है। कहीं केवल सत्ता को गाली देना ही लेखन का उद्देश्य रह गया है, तो कहीं किसी विशेष विचारधारा का गुणगान करके ऐसे जताया जा रहा है, जैसे केवल एक ही विचार श्रेष्ठ है। विचारों में तर्कशीलता का अकाल पड़ गया है। कोई तर्क आधारित विमर्श मानने के लिए तैयार ही नहीं है। साहित्य के अलम्बरदार केवल सरकारी पुरस्कारों के जुगाड़ में रहते हैं।

एक समय था, कि जब साहित्य को समाज का दर्पण कहकर अनुसरण किया जाता था। समाचार पत्रों में प्रकाशित सामग्री पर बहस हुआ करती थी तथा एक स्पष्ट निष्कर्ष उभर कर आम पाठकों के सम्मुख आता था। समाचार पत्रों के संपादक न तो स्वतंत्र विचारों का खुलकर समर्थन करते थे।

# म्हारी पीढ़ी अर बाजार

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

पहला दिन कोई त्योहार को कोनीं थो, पर गाँव में सन्नाटो ऐसा पसरो ज्यूँ सावन बिना बदरा आ ग्यो हो। सूरज भी आधो-आधो निकळ्यो, ज्यूँ सरकारी काम–न पूरा, न बंद। म्हारी पीढ़ी म्हारो हाथ पकड़ के बोली, बाबा, चालो बाजार। मैं समझ ग्यो–यह सैर को न्यौतो कोनीं, यह हालात को इम्तिहान है। कच्ची सड़क पर चलते-चलते पीढ़ी पूछे, बाबा, बाजार में सब मिल जावै? मैंने कहा, हाँ बेटी, सब मिल जावै–दाम, भाषण, आश्वासन, अर सपनाङ्क बस जो कोनीं मिलै, वो है पेट भर की चीज। गाँव पीछे छूट ग्यो, पर उसके साथ छूट गी फुर्सत। अब हर कदम पे हिसाब थो–कदम भी नाप-तौल के धरना पड़ै, क्यूँकि जमीन भी महँगी हो गी है। पीढ़ी की आँखां में चमक थी, मेरी आँखां में अनुभव–दोनों का मेल ऐसा ज्यूँ मीठे में नमक पड़ ग्यो हो। बाजार पहुँचे तो दुकानों की रौशनी आँखां चुभै। दाल की बोरी ऐंठ काढ़ के खड़ी, ज्यूँ कहै–म्हे देख, म्हे अब रोज-रोज को खाना कोनीं। तेल इठलायो–म्हारो भाव देख, म्हे अब पूजा में ही चढ़ाया जांऊ। सब्जी हँस के बोली–आज मत छुओ, आज म्हारो मूड महँगो है। पीढ़ी अचरज सूं देखे–बाबा, चीजां बोल क्यूँ रिया? मैंने कहा, बेटी, जब आदमी चुप हो जावै, तब चीजां बोलण लाग जावै। दुकानदार तराजू कम, बहाना ज्यादा तौले। हर भाव के साथ एक कहानी–कभी मौसम, कभी सरकार, कभी दुनिया। पर सच्चाई बस इतनी–गरीब अब ग्राहक कोनीं, आँकड़ा है। पीढ़ी ने एक खिलौना देख्यो, हाथ बढ़ायो, फिर खींच लियो–क्यूँकि कीमत पढ़ ली थी। मैं उस पल समझ ग्यो–बचपन सबसे पहले बाजार में मरै। आगे नदी आई। पीढ़ी बोली, बाबा, पानी क्यूँ कोनीं? मैंने कहा, नदी अब कागज में बहै है। किनारे किसान बैठो थो–देह पत्थर, आँखां में सूखा। बोल्यो, सब ठीक है साब, योजना चालू है। मैं समझ ग्यो–जहाँ सब ठीक बतावै, वहाँ असल में कुछ भी ठीक कोनीं। खेतां में फसल कोनीं, पर बोर्ड लगे–उन्नत कृषि योजना। बैल बूढ़ा हो ग्यो, पर कर्ज जवान। किसान की आवाज इतनी धीमी कि हवा भी सुनै तो शरमा जावै। पीढ़ी पूछे–ये अंकल दुखी क्यूँ?

# अंडर-19 एशिया कप: कुंडू के दोहरे शतक और दीपेश की पंजे से भारत ने मलेशिया को हराया

**दुबई (यूएई)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू के ऐतिहासिक दोहरे शतक और गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन के शानदार पांच विकेट की बदौलत भारत अंडर-19 टीम ने एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2025 में मलेशिया को 315 रनों के विशाल अंतर से हराया। मंगलवार को दुबई में खेले गए इस मुकाबले के साथ भारत ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की और ग्रुप-ए में शीर्ष स्थान बनाए रखा। मलेशिया की टीम अब तक जीत का खाता नहीं खोल सकी है। टॉस जीतकर मलेशिया अंडर-19 टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 408 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इस पारी के नायक रहे अभिज्ञान कुंडू, जिन्होंने शानदार नाबाद 209 रन बनाकर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। कुंडू युथ

**जीत का परचम**

**भारत ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की और ग्रुप–ए में शीर्ष स्थान बनाए रखा**

वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने, जबकि कुल मिलाकर ऐसा करने वाले वह दुनिया के दूसरे खिलाड़ी हैं। भारत की शुरूआत कुछ झटकों के साथ हुई। कप्तान आयुष म्हात्रे (7 गेंदों में 14 रन) और विहान मल्होत्रा (14 गेंदों में 7 रन) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंदों में 5 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 50 रन बनाकर आक्रामक पारी खेली, जबकि वेदांत त्रिवेदी ने 106 गेंदों में 90 रन (7 चौके) बनाकर पारी को संभाला। सूर्यवंशी



के 11वें ओवर में आउट होने के समय भारत का स्कोर 3 विकेट पर 87 रन था। इसके बाद क्रीज पर आए अभिज्ञान कुंडू ने आते ही गेंदबाजों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने वेदांत त्रिवेदी के साथ 181 गेंदों में 209 रनों की विशाल साझेदारी की।

ल इसके बाद कनिष्क चौहान के साथ मिलकर सिर्फ 36 गेंदों में 87 रन जोड़े। कुंडू ने अपनी पारी में 17 चौके और 9 छक्के लगाए। कुंडू ने मात्र 44 गेंदों में अर्धशतक, 80 गेंदों में शतक और सिर्फ 121 गेंदों में ऐतिहासिक दोहरा शतक पूरा किया। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने मलेशिया के सामने 409 रनों का लक्ष्य रखा। इस दौरान उन्होंने अंबाती रायुडू का भारतीय अंडर-19 वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर (177*) का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। 409 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया की टीम भारत के गेंदबाजों के सामने पूरी तरह बेबस नजर आई और 32.1 ओवर में 93 रन पर सिमट गई। मलेशिया की ओर से हमजा पांगी ने 52 गेंदों में 35 रन (4 चौके) बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाए। भारत के लिए गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 ओवर में 22 रन देकर 5 विकेट झटके। उधव मोहन ने भी 2 विकेट अपने नाम किए।

# आईपीएल नीलामी: एमआई में लौटे डी कॉक, बेयरस्टो-गुरबाज को नहीं मिले खरीदार

**अबू धाबी (यूएई)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की नीलामी में विकेटकीपर खिलाड़ियों के सेट में कई बड़े नाम शामिल थे, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि इनमें से सिर्फ तीन खिलाड़ियों को ही खरीदार मिल सका और वे भी अपनी-अपनी बेस प्राइस पर ही बिके। इस नीलामी में सबसे अहम पल रहा दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक का मुंबई इंडियंस में वापस लौटना। मुंबई ने उन्हें उनकी बेस प्राइस 1 करोड़ रुपये में खरीदा। डी कॉक ने हाल ही में व्हाइट-बॉल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला वापस लेते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम में वापसी की है। डी कॉक ने मुंबई इंडियंस के लिए अब तक 43 मैचों में 1,329 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 34.08 और स्ट्राइक रेट 131.32 का रहा है, जिसमें 10 अर्धशतक शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डी कॉक दक्षिण अफ्रीका के लिए टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज



हैं। उन्होंने 99 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2,706 रन बनाए हैं, औसत 30.40 और स्ट्राइक रेट 139 से अधिक का रहा है। इसमें 1 शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। कुल टी-20 क्रिकेट में उनके नाम 416 मैचों में 11,543 रन, 7 शतक और 76 अर्धशतक दर्ज हैं। आईपीएल में डी कॉक ने सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए 115 मैचों में 3,309 रन बनाए हैं। उनका औसत 30.63 और स्ट्राइक रेट 134 से अधिक रहा है, जिसमें 2 शतक और 24 अर्धशतक शामिल हैं। हालांकि, पिछले सीजन केकेआर के लिए उनका प्रदर्शन कमजोर रहा था, जहां उन्होंने 8 मैचों में 152 रन बनाए थे। डी कॉक मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल खिताब भी जीत चुके हैं। नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज बेन डकेट को उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये में खरीदा। डकेट ने इंग्लैंड के लिए 20 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 527 रन बनाए हैं, उनका स्ट्राइक रेट 153 से अधिक है। कुल टी-20 क्रिकेट में डकेट के नाम 216 मैचों में 5,397 रन दर्ज हैं। न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज फिन एलन को भी उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये में खरीदा गया। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने उन्हें अपने खेमे में शामिल किया। एलन ने 52 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 1,285 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 163 से अधिक रहा है।

# जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में कांस्य जीतने पर कप्तान ने टीम के आत्मविश्वास को सराहा

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान और डिफेंडर रोहित ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 में कांस्य पदक जीतने के बाद टीम के जज्बे, आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती की सराहना की है। भारत ने तीसरे स्थान के प्ले-ऑफ मुकाबले में अर्जेंटीना के खिलाफ 4-2 से शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज कर कांस्य पदक अपने नाम किया। पिछले दो जूनियर विश्व कप संस्करणों में चौथे स्थान पर रहने के बाद भारत ने इस बार नाटकीय अंदाज में पोडियम पर वापसी की। हॉकी इंडिया के अनुसार यह मुकाबला टूनामेंट की सबसे यादगार वापसी में से एक रहा। तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत 0-2 से पीछे था, लेकिन अंतिम 15 मिनट में जबरदस्त आक्रमण करते हुए भारतीय टीम ने चौथे क्वार्टर में लगातार चार गोल दागकर मैच का रुख पलट दिया। इस ऐतिहासिक जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कप्तान रोहित ने कहा, यह कांस्य पदक टीम के हर खिलाड़ी के लिए बहुत मायने रखता है। पिछले दो जूनियर वर्ल्ड कप में चौथे स्थान पर रहने के बाद इस बार हमारा लक्ष्य पोडियम पर लौटना था। 0-2 से पिछड़ने के बावजूद जिस तरह टीम ने वापसी की, वह हमारे विश्वास, मानसिक



मजबूती और एक-दूसरे पर भरोसे को दशार्ता है। अर्जेंटीना के खिलाफ वापसी पर 21 वर्षीय डिफेंडर ने आगे कहा, ह्लतीसरे क्वार्टर के अंत में हमने खुद से कहा कि शांत रहना है और अपना स्वाभाविक खेल खेलना है। कोचिंग स्टाफ लगातार कह रहा था कि एक गोल मैच की दिशा बदल सकता है। जैसे ही पहला गोल हुआ, हर खिलाड़ी ने जिम्मेदारी ली। अर्जेंटीना जैसी मजबूत टीम के खिलाफ आखिरी क्वार्टर में चार गोल करना हमारे लिए हमेशा गर्व की बात रहेगी। पूरे टूनामेंट में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा। टीम ने पूल चरण के सभी मुकाबले जीते, इसके बाद क्वार्टरफाइनल में बेल्जियम को शूटआउट में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में भारत को जर्मनी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने मजबूत वापसी करते हुए टूनामेंट का समापन पदक के साथ किया। टीम के समग्र प्रदर्शन पर रोहित ने कहा, हमने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन हॉकी खेली। सभी पूल मैच जीतना और फिर बेल्जियम को शूटआउट में हराना दबाव में हमारी संयमित सोच को दिखाता है। सेमीफाइनल की हार मुश्किल थी, लेकिन खिलाड़ियों ने परिपक्वता दिखाई और कांस्य पदक के साथ टूनामेंट खत्म किया। ड्रैगफ्लिक में माहिर रोहित अब हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 में नजर आएंगे।

# हर्षल पाठक को नेपाल महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त



**काठमांडू।** भारत के हर्षल पाठक को नेपाल महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इसकी घोषणा मंगलवार को क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल ने की। हर्षल पाठक आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में नेपाल महिला टीम का मार्गदर्शन करेंगे और खिलाड़ियों के विकास तथा टीम की तैयारी की जिम्मेदारी संभालेंगी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल ने भरोसा जताया कि उनकी नियुक्ति से नेपाल महिला टीम के प्रदर्शन में मजबूती आएगी। इससे पहले हर्षल पाठक थाईलैंड की पुरुष क्रिकेट टीम की कोच रह चुके हैं। नेपाल ने इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे, जिसके बाद पाठक को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। हर्षल पाठक की कोचिंग में नेपाल महिला टीम अब आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 ग्लोबल क्वालीफायर में हिस्सा लेगी, जिसका आयोजन 18 जनवरी से 1 फरवरी तक नेपाल में ही किया जाएगा।

**एशिया क्वालीफायर में उपविजेता रही थी नेपाल महिला टीम:** इससे पहले इस साल नेपाल ने एशिया क्वालीफायर में उपविजेता रहकर ग्लोबल क्वालीफायर में जगह बनाई थी। मई में थाईलैंड में आयोजित इस टूर्नामेंट में थाईलैंड शीर्ष पर रहा था। एशिया को ग्लोबल क्वालीफायर के लिए दो स्थान मिले थे, जबकि अमेरिका क्षेत्र को केवल एक स्थान आवंटित किया गया था। एशिया क्वालीफायर के अहम मुकाबले में नेपाल ने यूएई के 115 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.2 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत दर्ज की थी। कप्तान इंदु बर्मा ने 33 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई और एक मैच शेष रहते हुए ग्लोबल क्वालीफायर का टिकट पक्का किया।

# आईपीएल नीलामी में पथिराना पर केकेआर ने लुटाए 18 करोड़, रवि बिश्नोई राजस्थान पहुंचे

**अबू धाबी (यूएई)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की नीलामी में मंगलवार को कई बड़े और चौंकाने वाले सौदे देखने को मिले। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 18 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर खरीदा, जबकि मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को सिर्फ 2 करोड़ रुपये में हासिल कर सस्ते सौदे का फायदा उठाया। भारतीय लेग स्पिनर रवि बिश्नोई राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खेमे में चले गए। पथिराना के लिए नीलामी की शुरूआत दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने की, जिसके बाद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) भी रेस में शामिल हो गई। डीसी और एलएसजी के बीच बोली 10.40 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। जब कीमत 15.80 करोड़ रुपये पर थी, तब केकेआर ने एंट्री लेते हुए पहले 16 करोड़ और फिर सीधे 18 करोड़ रुपये की बोली लगाकर सौदा अपने नाम कर लिया। श्रीलंकाई रफ्तार के सौदागर पथिराना ने अब तक 21 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 31 विकेट लिए हैं, उनका औसत 18.25 का रहा है, जिसमें दो चार विकेट हॉल शामिल हैं। कुल टी-20 क्रिकेट में उन्होंने 100 मैचों में 133 विकेट झटके हैं। आईपीएल में पथिराना ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 32 मैचों में 47 विकेट लिए हैं। आईपीएल 2025 में उन्होंने 13 मैचों में 12 विकेट चटकाए थे। भारतीय लेग स्पिनर रवि बिश्नोई, जिनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये थी, को राजस्थान रॉयल्स ने 7.40 करोड़ रुपये में खरीदा। बिश्नोई के लिए चेन्नई सुपर



किंग्स (सीएसके), राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली,

**नीलामी**

**ग्रीन के लिए पहले राजस्थान रॉयल्स और केकेआर के बीच कड़ी बोली चली, राजस्थान 13 करोड़ रुपये पर बाहर हो गई**

लेकिन अंततः बाजी राजस्थान ने मारी। बिश्नोई ने 42 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 61 विकेट लिए हैं, उनका औसत 19.37 का रहा है।

नीलामी का एक और बड़ा आकर्षण रहा जैकब डफी का सस्ता सौदा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज को 2 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा। डफी इस साल शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने 2025 में 21 मैचों में 35 विकेट लिए हैं और वह 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिनके नाम 35 मैचों में 72 विकेट दर्ज हैं। कुल टी-20 करियर में डफी ने 156 मैचों में 178 विकेट चटकाए हैं। इससे पहले नीलामी की शुरूआत ही धमाकेदार रही, जब ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा।

इसके साथ ही ग्रीन आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी और सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए। ग्रीन के लिए पहले राजस्थान रॉयल्स और केकेआर के बीच कड़ी बोली चली, जिसमें राजस्थान लगभग 13 करोड़ रुपये पर बाहर हो गई।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले एडिलेड इंटरनेशनल में हिस्सा लेंगे नोवाक

**एडिलेड।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 की तैयारी के लिए एडिलेड इंटरनेशनल में हिस्सा लेंगे। जोकोविच इस टूनामेंट के जरिए अपने 11वें ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब और रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम की दावेदारी की शुरूआत करेंगे। एटीपी-डब्ल्यूटीए संयुक्त टूनामेंट एडिलेड इंटरनेशनल का आयोजन 12 से 17 जनवरी तक किया जाएगा। इसके बाद साल का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन 18 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा। जोकोविच ने अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब 2023 में जीता था और उसके बाद से उन्होंने टूर पर अपने मैचों की संख्या कम कर दी है। हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने इस साल जिनेवा और एथेंस में खिताब जीतकर अपनी क्षमता का परिचय दिया। टूनामेंट आयोजकों ने मंगलवार को पुष्टि की कि एडिलेड इंटरनेशनल में पुरुष वर्ग में जोकोविच के अलावा जैक ड्रेपर, जोआओ फोंसेका, टॉमी पॉल और स्टेफानोस सितसिपास जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे।

# दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स में भारत के युवा पैरा शटलरों का जलवा

**नई दिल्ली।** दुबई 2025 एशियन यूथ पैरा गेम्स में भारतीय युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पैरा बैडमिंटन स्पधाओं में कुल 8 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारतीय दल ने इस टूनामेंट में कुल 17 पदक (8 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य) जीतकर देश का नाम रोशन किया। भारत की इस ऐतिहासिक सफलता के केंद्र में रहे जतिन आजाद, जिनके संयमित और आत्मविश्वास से भरे खेल ने टीम की जीत की नींव रखी। आजाद ने रव5 वर्ग में दोहरा स्वर्ण जीता। पहले उन्होंने पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया और फिर शिवम यादव के साथ मिलकर





पुरुष युगल में भी स्वर्ण पदक जीता। फाइनल के दबाव में भी दोनों की साझेदारी भरोसे और बेहतरीन तालमेल की मिसाल बनी रही। अपनी जीत के बाद जतिन आजाद ने भविष्य पर नजर रखते हुए कहा, ह्लमैं सभी चैंपियनशिप में खेलना चाहता हूं, ज्यादा अनुभव और एक्सपोजर हासिल करना चाहता हूं। जितना ज्यादा एक्सपोजर मिलेगा, उतना ही बेहतर प्रदर्शन करूंगा–और मुझे पूरा विश्वास है कि मेरा चयन छअ28 पैरालंपिक्स के लिए होगा। भारतीय टीम की सफलता में मानसिक मजबूती की भी अहम भूमिका रही। एक अन्य स्वर्ण पदक विजेता हर्षित चौधरी ने टीम के सकारात्मक रवैये पर जोर देते हुए कहा, ह्लमुझे बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि हम हर स्थिति के लिए तैयार थे। मैंने और मेरे पार्टनर ने पूरे मैच के दौरान सकारात्मक सोच बनाए रखी। खास बात यह रही कि दुबई 2025 सभी भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए पहला एशियन यूथ पैरा गेम्स था, जिससे यह उपलब्धि और भी खास बन जाती है। पदकों से बढ़कर, यह टूनामेंट खिलाड़ियों के लिए सीख और अनुभव का अहम मंच साबित हुआ, जो उन्हें लॉस एंजेलिस 2028 पैरालंपिक खेलों की ओर मजबूती से आगे बढ़ने में मदद करेगा।

# लखीमपुर खेल महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्वक संपन्न हुईं

**लखीमपुर खीरी**

नगर पालिका परिषद लखीमपुर एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में शहर के प्रतिष्ठित विलोबी मैदान में आयोजित लखीमपुर खेल महोत्सव (सीजन-2) के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्वक संपन्न हुईं। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से मैदान तालियों की गूंज से भर उठा। कार्यक्रम का मंच संचालन समाजसेवी राम मोहन गुप्ता ने किया। क्रिकेट मुकाबले में दूसरे दिन खेले गए क्रिकेट मैचों में कड़े मुकाबले देखने को मिले। द्वारिकापुरी थंडर बनाम घोसियाना 11 में घोसियाना 11 ने 2 विकेट से जीत दर्ज की। इसराज सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, विश्वजीत सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, तुषार सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक तथा अतुल कुमार मैन ऑफ द मैच रहे। जेसीआई 11 बनाम अनस वॉरियर्स मुकाबले में जेसीआई 11 ने 7 विकेट से विजय पाई। सौरभ सर्वश्रेष्ठ





बल्लेबाज, तुषार सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, हर्ष सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और वीर सिंह मैन ऑफ द मैच चुने गए। नगर पालिका बनाम जलकल 11 में नगर पालिका की टीम ने 41 रन से जीत दर्ज की। अनिरुद्ध त्रिपाठी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, मुनेंद्र सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, अभिषेक सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक तथा देवाशीष मुखर्जी मैन ऑफ द मैच रहे।? फायरबोल्ट बनाम हंटर 11 मुकाबले में हंटर 11 ने 4 विकेट से जीत हासिल की। राहुल अवस्थी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, साहिल सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, विपिन सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और मोहित मैन ऑफ द मैच बने। कबड्डी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में 12 टीमों ने भाग लिया। फाइनल में चौहान क्लब ने नगर पंचायत निघासन को हराकर खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग में 22 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 8 टीमों ने अगले चरण में प्रवेश किया। इसी तरह हॉकी टूनामेंट में गुरु नानक स्पोर्ट्स अकादमी में कोऑर्डिनेटर तृप्ति अवस्थी के नेतृत्व में हॉकी प्रतियोगिता आयोजित हुई। अजमानी गर्ल्स इंटर कॉलेज बनाम गुरु नानक विद्यक सभा में गुरु नानक विद्यक सभा ने 2झ0 से जीत दर्ज की। नन्ही टीम ए बनाम नन्ही टीम बी में नन्ही टीम बी ने 4-0 से विजय पाई। आश्रम पद्धति बनाम अजमानी इंटरनेशनल स्कूल (अंडर-13) में अजमानी इंटरनेशनल स्कूल ने 5-2 से मुकाबला जीता। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, जिला प्रचारक अविनाश, क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष कपिल श्रीवास्तव, अनस, शिव सिंह, अभय सिंह (इंडियन बैंक), प्रमोद अग्रवाल

**भावनात्मक**

**कार्यक्रम का मंच संचालन समाजसेवी राम मोहन गुप्ता ने किया। क्रिकेट मुकाबले में दूसरे दिन खेले गए क्रिकेट मैचों में कड़े मुकाबले देखने को मिले**

(दिव्य प्लाई), खेल महोत्सव संयोजक आशीष सिंह चौहान, कनिष्क बरनवाल, इंजीनियर दुर्गेश वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, जितेंद्र अवस्थी, जेई समरा सईद सहित सभासदगण, खेल प्रभारी एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। हॉकी स्थल पर उप-प्रधानाचार्य इंद्रजीत सिंह, आर.आई. फैज खान, सभासद पारस मौर्य, दीपक रस्तोगी, संदीप वर्मा आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

facebook.com/actionindialive twitter.com/actionindianews youtube.com/actionindiatv

# हिमाचल न्यूज़

एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com

ऊना, 17 दिसम्बर 2025

# मुख्यमंत्री ने नादौन-हमीरपुर-घुमारवीं-दिल्ली वोल्वो बस सेवा का शुभारंभ किया

**डिजिटल**

» यात्रा शुल्क का भुगतान अब यूपीआई, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड से संभव



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर में आयोजित चिट्टा विरोधी मेगा वॉकथॉन के उपरांत हिमाचल पथ परिवहन निगम की नादौन-हमीरपुर-घुमारवीं-दिल्ली वोल्वो बस सेवा का शुभारंभ भी किया।

यह बस रोजाना सुबह 7 बजे नादौन से चलेगी। इसका हमीरपुर से चलने का समय 8 बजे, घुमारवीं से 9 बजे और चंडीगढ़ से 11:40 बजे होगा तथा यह शाम को 4:40 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

वापसी में यह बस दिल्ली से सुबह 8:30 बजे चलेगी और शाम को 6:30 बजे नादौन पहुंचेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और जन सुलभ बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए यात्रा शुल्क का भुगतान अब यूपीआई, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से संभव है।

हिमाचल पथ परिवहन निगम देश का ऐसा पहला राज्य परिवहन उपक्रम बन गया है जिसने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड सुविधा आरंभ की है इस कार्ड से दिल्ली मेट्रो, दिल्ली परिवहन निगम, हरियाणा रोडवेज तथा पश्चिम मुंबई की बसों सहित पूरे देश में यात्रा की जा सकेगी।

रियायती और मुक्त यात्रा के लिए हिम बस कार्ड ,हिम बस प्लस कार्ड और ग्रीन कार्ड जैसी सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं। परिवहन निगम के बेड़े में 297 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जा रही हैं ।25 स्टेट ऑफ द आर्ट वोल्वो बसों को परिवहन बड़े में शामिल करने से निगम में वोल्वो बसों की संख्या बढ़कर 98 हो गई है।

### राज्य में किए जा रहे हैं 234 नए बस रूट जारी : सीएम



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि 50 टेंपो ट्रैवलर और 24 सुपर लग्ज़री बसें भी खरीदी गई हैं। 250 डीजल बसों 100 मिनी बसों और चार क्रेनों की खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 234 नए बस रूट जारी किए जा रहे हैं तथा 18 सीटर तक के टेंपो ट्रैवलर वाहनों के संचालन के लिए 350 नए परमिट आवंटन की प्रक्रिया जारी है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हरित परिवहन को प्रोत्साहन देने के लिए 6 ग्रीन कॉरिडोर पर 88 पेट्रोल पंप और 41 स्थलों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन विकसित किया जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त राज्य के विश्राम गृह और सरकारी कार्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर 310 चार्जिंग स्टेट स्टेशन स्थापित किया जा रहे हैं।

# धरती पुत्र के नारे से गूंजा पंचायत बरोट, भाजपा नेताओं का भव्य स्वागत

**मांग**

» धरती पुत्र को टिकट देने की मांग तेज, 90 हजार मतदाताओं ने दिया साफ संदेश



**विजय समयाल**

**कांगड़ा।** धरती पुत्र के नारे को बुलंद करते हुए आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पंचायत बरोट पहुंचे, जहां ढोल-नगाड़ों के साथ स्थानीय जनता और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री कुलदीप डोगरा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओपी चौधरी, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव पंकज हैप्पी, भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. रविन्द्र उपाध्याय, भाजपा नेत्री नरेश गुलेरिया एवं रविन्द्र पठानिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। नेताओं ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा।

इस मौका पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओपी चौधरी आदि नेताओ ने कहा कि फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत बरोट में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर संगठन को और अधिक मजबूत करने को लेकर सार्थक चर्चा हुई। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास की सोच को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। जनसेवा, राष्ट्रसेवा और संगठन की शक्ति के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

## नई चेतना कार्यक्रम के तहत महिलाओं को बताएं अधिकार

**राजन पुरी**

**ऊना।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत नई चेतना कार्यक्रम के तहत एकता क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) हरोली में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को उनके अधिकारों, सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा महिलाओं पर होने वाली विभिन्न प्रकार की हिंसा के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला कार्यालय (एनआरएलएम) से डीपीएम %योति शर्मा ने महिलाओं पर होने वाली शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, सामाजिक एवं घरेलू हिंसा के विभिन्न रूपों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन पर किस प्रकार प्रभावी रूप से रोक लगाई जा सकती है।

# नशा विरोधी जागरूकता के नाम पर कार्यक्रम में अनुचित गीतों का प्रयोग, अभियान की गंभीरता पर सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्याम शर्मा का कहना है कि आज जिला हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई में चिट्टा (नशा) के विरुद्ध जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस रैली के लिए कई कॉलेजों में चल रहे परीक्षा कार्यक्रमों तक में बदलाव किया गया, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस अभियान से जुड़ सकें।

लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह रहा कि नशा विरोधी जागरूकता जैसे गंभीर और संवेदनशील विषय पर आयोजित इस रैली में ऐसे गीत बजाए गए, जिनका नशे के खिलाफ



संदेश से कोई लेना-देना नहीं था।

अरे दीवानों मुझे पहचानो, मैं हूं डॉन जैसे गीत बदमाशी, गुंडागर्दी और अपराधी मानसिकता को बढ़ावा देते हैं, जबकि आसा खाणी पीणी, मौज मणाणी जैसे गीत खाने-पीने और मौज-मस्ती की संस्कृति को दर्शाते हैं। ऐसे गीत न तो नशे के दुष्परिणामों को उजागर करते हैं और न ही युवाओं को इससे दूर रहने की प्रेरणा देते हैं।

एक ओर हिमाचल प्रदेश, विशेषकर हमीरपुर जिला, नशे के बढ़ते मामलों से जूझ रहा है और युवा पीढ़ी तेजी से इसकी चपेट में आ रही है।

दूसरी ओर प्रशासन द्वारा आयोजित जागरूकता रैलियों में इस प्रकार के गीतों का प्रयोग करना अभियान की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। इससे नशा विरोधी प्रयासों का मजाक बनता है और युवाओं के बीच गलत संदेश जाता है। प्रशासन और संबंधित आयोजकों से मांग है कि भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों की रूपरेखा सोच-समझकर तैयार की जाए। नशा विरोधी अभियानों में ऐसे गीत, नारे और वक्तव्य शामिल किए जाएं जो वास्तव में युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवन अपनाने और समाज के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा दें। तभी इस प्रकार के अभियान अपने उद्देश्य में सफल हो सकेंगे।

# राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए नामांकन 31 दिसंबर तक

**चमन शर्मा**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने हिमाचल गौरव पुरस्कार, हिमाचल प्रेरणा स्रोत सम्मान और सिविल सेवा पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदक 31 दिसंबर, 2025 तक अपने नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के लिए निर्धारित प्रपत्र हिमाचल सरकार की वेबसाइट www.himachal.nic.in/gad पर उपलब्ध हैं। यह सूचना एक सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि यह पुरस्कार हर साल 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

इस संदर्भ में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों और सभी उपायुक्तों को भी पत्र लिखकर ऐसे पत्र व्यक्तियों के नामों की अनुशंसा करने के लिए कहा गया है ताकि राज्य स्तरीय समिति द्वारा आवेदनों की छंटनी की जा सके।



उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के तहत उम्मीदवारों को दो पृष्ठों का संक्षिप्त विवरण हिंदी भाषा में प्रस्तुत करना होगा, जिसमें उनकी विशेष उपलब्धियों या सेवाओं का उल्लेख हो। उन्होंने आवेदकों से अनुरोध किया कि वह आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर, सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### चिट्टे के मामले में नौ आरोपी न्यायिक हिरासत में, 25 दिसंबर तक भेजे जेल

**हामिद खान**

**चंबा।** चिट्टे के मामले में गिरफ्तार किए गए नौ आरोपियों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सोमवार को पुलिस ने सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें 25 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए गए।

पुलिस के अनुसार, इन आरोपियों के तार पहले पकड़े गए मां, बेटे और बेटी से जुड़े पाए गए हैं, जिन्हें सुल्तानपुर क्षेत्र से चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया था। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने चिट्टे की खरीद-फरोख्त को लेकर ऑनलाइन माध्यम से तीन लाख रुपये से अधिक का लेन-देन किया है।

जब महिला, उसका बेटा और बेटी पकड़े गए थे, उस समय उनके पास से नकदी, आभूषण, एक दर्जन मोबाइल फोन और पेमेंट स्कैनर बरामद किए गए थे। इससे पुलिस को संदेह हुआ कि यह नशा तस्करी का नेटवर्क केवल तीन लोगों तक सीमित नहीं है।

इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन की गहन जांच की, जिसमें लगातार पैसों का आदान-प्रदान सामने आया। इसी आधार पर नौ अन्य आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

डीएसपी बलदेव दत्त ने बताया कि न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद सभी आरोपियों को दोबारा अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की जांच अभी जारी है और अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

### राऊलाने उत्सव एवं होली उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**रिकांगपिओ।** जनजातीय जिला किन्नौर के रिकांग पिओ स्थित उपायुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में आज जिला की कल्पा तहसील में आयोजित होने वाले राऊलाने उत्सव एवं सांगला तहसील में मनाए जाने वाले होली उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा ने की।

उपायुक्त ने दोनों उत्सवों के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर समयबद्ध रूप से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने तथा उत्सवों के दौरान शांति, सुरक्षा एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से पर्यटकों एवं आगंतुकों के लिए पर्याप्त आवास व्यवस्था, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात एवं भीड़ प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सुविधाओं तथा आपातकालीन सेवाओं की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त स्थानीय एवं पारंपरिक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन पर भी बल दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों एवं सांस्कृतिक दलों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा प्रचार-प्रसार एवं सूचना व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर चर्चा की गई।

## किन्नौर जिला में पल्स पोलियो अभियान 21 दिसम्बर को



**टीम एक्शन इंडिया**

**रिकांगपिओ।** जिला टीकाकरण कार्य बल (पल्स पोलियो अभियान) के तहत उपायुक्त कार्यालय किन्नौर के सम्मेलन कक्ष में आज यहां उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने बताया कि जनजातीय जिला किन्नौर में 21 दिसंबर, 2025 (रविवार) को 0-5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी ताकि उनकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो सके। उपायुक्त ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, परिवहन व पुलिस विभाग को बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव हो सके। बैठक का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी किन्नौर डॉ. राकेश नेगी ने किया। उन्होंने बताया कि किन्नौर जिला में पोलियो की दवा पिलाने के लिए 4,123 बच्चों (0-5 साल की आयु वर्ग) का लक्ष्य रखा गया है और जिला में 101 पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त 407 कर्मचारी टीकाकरण के लिए नियुक्त किए जाएंगे जिसमें 20 पर्यवेक्षक शामिल होंगे, 02 मोबाइल टीमें तथा प्रवेश द्वार चौरा एवं आकपा चेक पोस्ट पर 02 पारगमन पल्स पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग घर-घर जाकर 22 एवं 23 दिसंबर, 2025 को पल्स पोलियो की दवा पिलाने के लिए मुहीम चलाएगा ताकि जिला में बच्चों को सुरक्षा कवच उपलब्ध हो सके।

## बल्ह स्कूल में विधायक विवेक ने होनहारों को किया सम्मानित

**राजन पुरी**

**ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बल्ह में मंगलवार को वार्षिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्यतिथि कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा रहे।

इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी एवं रेडक्रॉस सोसाइटी की सदस्य मृदु शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्र%वलन के साथ हुआ।

वार्षिक समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, एकांकी तथा समूह गान की प्रस्तुतियां दी गईं, मुख्यतिथि विधायक विवेक शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर समारोह का आयोजन

**हामिद खान**

**चंबा।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित साहित्यिक आयोजन के दौरान देशभक्ति गीत भारत देश महान है का औपचारिक विमोचन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। गीत का विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार एवं कहानीकार डॉ. संदीप शर्मा तथा द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश शर्मा, सह-आचार्य, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओं में विशेष उत्साह और राष्ट्रभाव की अनुभूति देखने को मिली। गीत के लेखक युद्धवीर टंडन हैं, जिन्होंने अपनी रचना के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत, एकता और राष्ट्रगौरव को सशक्त शब्दों में अभिव्यक्त किया है।



वक्ताओं ने कहा कि यह गीत केवल संगीतात्मक प्रस्तुति नहीं, बल्कि भारतीय चेतना और राष्ट्रप्रेम की जीवंत अभिव्यक्ति है, जो हर आयु वर्ग के श्रोताओं से सहज रूप से जुड़ता है।

गीत का वीडियो एवं संगीत निर्माण किरण कुमार वशिष्ठ द्वारा किया गया है। संगीत और दृश्य संयोजन ने गीत के भाव को और अधिक प्रभावशाली बना दिया, जिससे विमोचन के समय सभागार में विशेष भावनात्मक वातावरण निर्मित हुआ। उपस्थित अतिथियों और श्रोताओं ने गीत की विषयवस्तु और प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी और समयोचित बताया।

गीत विमोचन का यह क्षण कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहा, जिसने श्रोताओं के मन में देश के प्रति गर्व, एकता और समर्पण की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

## डिप्टी सीएम मुकेश ने बीटन में 3.69 करोड़ के सीएचसी का किया लोकार्पण

**राजन पुरी**

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के बीटन में 3.69 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित श्री सतगुरु लाल दास ब्रह्मानंद भूरीवाले गरीबदासीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। 10 बिस्तरों की क्षमता वाले इस स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के लिए आवासीय सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई गई हैं। लोकार्पण अवसर पर वेदांताचार्य श्री सतगुरु चेतनानंद महाराज भूरीवाले जी की विशेष उपस्थिति रही। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जनसुविधा के दृष्टिगत शीघ्र एक्स-रे मशीन स्थापित करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाए गए हैं। हरोली अस्पताल में 15 विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए गए हैं।

# वन बल प्रमुख डा. संजय सूद ने लिया जाइका का फीडबैक




**चमन शर्मा**

**शिमला।** वन बल प्रमुख एवं जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक डा. संजय सूद ने परियोजना में चल रहे कार्यों का फीडबैक लिया। उन्होंने मंगलवार को परियोजना मुख्यालय टुटू में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की।

गौरतलब है कि वन बल प्रमुख डा. संजय सूद जाइका वानिकी परियोजना में सीपीडी का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे हैं। इसके मद्देनजर उन्होंने परियोजना के सभी घटकों पर आधारित कार्यों का फीडबैक लिया। आजीविका सुधार, पौधरोपण, जैव विविधता समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नंद शर्मा ने डा. संजय सूद को परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के 22 वन मंडलों में चल रहे कार्यों के बारे अवगत करवाया। मुख्य परियोजना निदेशक ने पाइप लाइन में चल रहे कार्यों को तय समय पर निपटाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जैव विविधता विशेषज्ञ डा. एसके काप्टा, वित्त अधिकारी गौरी शंकर, प्रोग्राम मैनेजर्स, एसएमएस समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कृषि विभाग कर रहा है डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशिपाल अत्री ने बताया कि जिला हमीरपुर में एग्रीस्टैक प्रोजेक्ट के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण आरंभ किया गया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत किसानों के पंजीकरण का कार्य लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से नि:शुल्क किया जा रहा है।

उपनिदेशक ने जिला के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र में जाकर निशुल्क पंजीकरण करवाएं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए वे कृषि विभाग के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। यह विशेष रूप से उन किसानों के लिए बहुत उपयोगी है जो विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। उपनिदेशक ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के लाभार्थी किसानों से आग्रह किया कि वे अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं।

# भट्टाकुफर मार्ग पर गड्ढा पड़ने की भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने उपायुक्त को सौंपी रिपोर्ट

**चमन शर्मा**

**शिमला।** राजधानी शिमला के भट्टाकुफर में सड़क किनारे गडढा पड़ने की घटना पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की टीम ने आज उपायुक्त अनुपम कश्यप को रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 22 नंवबर 2025 को 2.2 मीटर लंबा 1.5 मीटर चैड़ा और 4 मीटर गहरे गडढे का सर्वेक्षण किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार दो पानी की पाईपों की लीकेज की वजह से यह घटना हुई है। इसके साथ ही मानव जनित कारण जिसमें टनल निर्माण की वाइब्रेशन और अन्य द्धितीय कारण है। टनल निर्माण के लिए ब्लास्टिंग पूर्ण रूप से बंद करने का सुझाव रिपोर्ट में दिया गया। इसके अलावा मैनुअल तरीके से कार्य करने पर कोई रोक नहीं है।



उपायुक्त ने टनल निर्माण कर रही कंपनी के प्रतिनिधियों से इस पूरे मामले में रिपोर्ट मांगी है कि जिसमें मार्च 2024 में जब टनल का निर्माण कार्य शुरू हुआ था तो उस समय सर्वेक्षण करवाया गया था। इस बारे में सारा रिकार्ड मुहैया करवाए। इसके साथ ही निर्माण कार्य के दौरान प्रशासन के साथ क्या-क्या पत्राचार किया गया और सुझावों के क्रियान्वयन को लेकर क्या-क्या कदम कब-कब उठाए गए, इसकी जानकारी भी देने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आम व्यक्ति की जान की सुरक्षा और उसकी संपत्ति को सुरक्षित रखना है। फोरलेन के निर्माण कार्य के दौरान टनल के दायरे में आने वाले क्षेत्र में बने लोगों के घरों में दरारें आ चुकी हैं। जिला प्रशासन की टीम ने इसके बारे में स्वयं निरीक्षण किया है। हालांकि निर्माण कार्य कर रही कंपनी द्वारा ऐसे घरों के नुकसान की रिपोर्ट बनाई जाएगी।